इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 अंक - 350 राजनांदगांव, शनिवार 14 नवंबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए



बेंगलुरु को मेट्रो की पिंक लाइन की सौगात: पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी, 15,600 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक दौरे के दौरान बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन कर शहरवासियों को नई कनेक्टिविटी की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने बेंगलुरु-मंगलुरु-मड़गांव वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। इन परियोजनाओं से कर्नाटक में रेल और शहरी परिवहन सुविधाओं को विस्तार मिलेगा।

पीएम मोदी ने इस दौरे पर 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। इनमें मेट्रो विस्तार, वंदे भारत एक्सप्रेस, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन के शुरू होने से दक्षिण बेंगलुरु के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

पिंक लाइन का यह नया एलिवेटेड हिस्सा कलैना अग्रहारा से एसजी पाल्या तक फैला हुआ है। इस 7.5 किलोमीटर लंबे सेक्शन पर कुल छह स्टेशन बनाए गए हैं, जिनमें कलैना अग्रहारा, हुलिमावु, बेलेकहल्ली-IIMB, एनएस पाल्या-जेपी नगर 4th फेज, जया देवा अस्पताल और एसजी पाल्या शामिल हैं। जया देवा अस्पताल स्टेशन



पर यह लाइन इलेक्ट्रॉनिक सिटी लाइन से जुड़ेगी। सुरक्षा और सुविधाओं को देखते हुए इस सेक्शन पर 5 ट्रेनें तैनात की गई हैं, जो हर 8 मिनट के अंतराल पर चलेंगी।

भूमिगत विस्तार और भविष्य की योजनाएं

पिंक लाइन का आगामी भूमिगत हिस्सा लगभग 13.7 किलोमीटर लंबा होगा, जो दक्षिण में गोट्टिगेरे से लेकर उत्तर में नागवारा तक केंद्रीय बेंगलुरु से गुजरेगा। वर्ष 2027 की पहली छमाही तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। इसके बन जाने के बाद इस पूरी लाइन पर कुल 12 (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पीएम मोदी ने किया देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल का उद्घाटन

मैसूरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'कॉसमॉस मैसूरु प्लेनेटेरियम' का उद्घाटन किया। यह भारत का पहला एलईडी डोम तारामंडल है। यह देश में तारामंडल तकनीक और खगोल विज्ञान की शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति है। 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स' (आईआईए) द्वारा बनाई गई इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने इमारत के प्रवेश द्वार पर रिबन काटकर किया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्यपाल सुधा यादव, मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मैसूर-कोडागु से भाजपा सांसद यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। उद्घाटन के बाद निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री मोदी को इस तारामंडल की विशेषताओं के बारे में बताया और उन्हें पूरी सुविधा का दौरा कराया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 'स्काई थियेटर' का दौरा किया। यहां उन्होंने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

असम में काजीरंगा के पास बड़ा हादसा: मिनी बस और कंटेनर ट्रक की टक्कर; दुर्घटना में 23 लोगों की मौत, 20 घायल

काजीरंगा। असम में काजीरंगा नेशनल पार्क के पास शुक्रवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ। यहां एक मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई है। वहीं पुलिस के मुताबिक, हादसे में 20 लोग घायल हैं।



कहां और कैसे हुआ हादसा?

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा कोहोरा रेंज में राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर हुआ। यह घटना हाथीकुली टी एस्टेट के पास रंगाजन इलाके में हुई। यहां यात्रियों से भरी मिनी बस की कंटेनर ट्रक से टक्कर हो गई। गोलाघाट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वप्निल डेका ने पीटीआई को बताया, हमें शुरुआती जानकारी मिली है कि हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हुई है। हम सभी मौके पर मौजूद हैं। बस से शवों को बाहर निकाला जा रहा है। इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी सही जानकारी अभी नहीं मिली है। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक बस में 35 से ज्यादा यात्री सवार थे। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल ज्यादातर लोगों को बोकोखात और गोलाघाट के अस्पतालों में भेजा गया। कुछ घायलों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भी रेफर किया गया। अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में दो महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई कॉलेज के छात्र थे। हादसे के समय वे अपनी कक्षाएं खत्म करके लौट रहे थे।

राहत और बचाव के लिए मौके पर कौन पहुंचा?

असम के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री अतुल बोरा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

न्यूड तस्वीरों के बदले विंग कमांडर ने पाकिस्तानी जासूस को लीक की युद्ध की रणनीति, चार्जशीट में खुलासा

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक कार्यरत विंग कमांडर ने हनीट्रैप में फंसकर भारत की युद्ध योजनाओं, लेह एयरबेस की परिचालन क्षमताओं और ड्रोन युद्ध से जुड़ी अति-संवेदनशील जानकारी एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को सौंप दी। यह खुलासा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में हुआ है कि इसके बदले पाक एजेंट ने अधिकारी को एक महिला की आपत्तिजनक (न्यूड) तस्वीरें भेजी थीं।



चार्जसीट में क्या लगा है आरोप?

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस एजेंसी द्वारा पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल इस चार्जशीट में यह भी आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तानी हैंडलर ने अधिकारी को मैलवेयर (जासूसी सॉफ्टवेयर) भेजकर गोपनीय सैन्य जानकारी तक अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश की।

महिला की संपर्क में था अधिकारी

जांच में सामने आया है कि 30 मई को गिरफ्तार किया गया यह अधिकारी 12 जनवरी से 1 अप्रैल, 2026 के बीच उस महिला के संपर्क में था। आरोप है कि उसे यह निर्देश दिया गया था कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के मोबाइल फोन और लैपटॉप में यह सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करे, ताकि उनके डिवाइस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हिमाचल में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1500 रुपये, सुक्खू कैबिनेट का बड़ा फैसला; फ्री बिजली समेत 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर

शिमला। हिमाचल में शुक्रवार को सुक्खू कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। 18 से 59 साल की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये मिलेंगे। 3.50 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में रोजगार, स्वास्थ्य, पर्यटन, ऊर्जा और परिवहन सहित कई अहम फैसले लिए गए। 1000 रोगी मित्र भर्ती होंगे। 561 JOA-IT के पद भरने को मंजूरी दी है।



बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए

महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये: प्रदेश में मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना शुरू की जाएगी। 18 से 59 वर्ष की पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। योजना के तहत पात्र परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली भी दी जाएगी। सरकार ने योजना के तहत 3.50 लाख पात्र महिलाओं की पहचान की है। इससे पहले 59 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की आर्थिक सहायता भी 1050 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह की जा चुकी है।

पानी बेचने की दर होगी तय: दूसरे राज्यों, सरकारी एजेंसियों और उद्योगों को बेचे जाने वाले अतिरिक्त कच्चे पानी की कीमत तय करने के लिए एक समान नीति बनेगी। शुरुआती दर 100 रुपये प्रति 1000 क्यूबिक फीट निर्धारित की गई है। यह दर प्रदेश की मौजूदा और भविष्य की सभी परियोजनाओं पर लागू होगी। दरों में समय-समय पर थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर संशोधन किया जाएगा।

चिट्टा मुक्त अभियान-2026: प्रदेश के सभी 12 जिलों में खेलो हिमाचल चिट्टा मुक्त अभियान-2026 शुरू होगा। युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। नशे से दूर रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा।

ऊर्जा नीति में संशोधन: स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति-2021 में संशोधन को मंजूरी। केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की 40 साल संचालन अवधि पूरी कर चुकी परियोजनाओं में अगले 10 वर्षों तक 50 प्रतिशत फ्री पावर रॉयल्टी मिलेगी।परियोजना शुरू होने के 50 साल पूरे होने पर ये परियोजनाएं प्रदेश सरकार को मुफ्त में हस्तांतरित होंगी।

सौर और पनबिजली परियोजनाओं पर फैसला: लंबे समय से काम शुरू नहीं करने के चलते 222 सौर ऊर्जा परियोजनाओं का आवंटन रद्द होगा। नीति की शर्तें पूरी नहीं करने पर 25 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली 13 पनबिजली परियोजनाओं का आवंटन रद्द होगा। 20 पनबिजली परियोजनाओं की दोबारा बोली लगाई जाएगी।

बस खरीद पर सब्सिडी बढ़ाई: राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2023 के तहत डीजल बस खरीदने पर सब्सिडी 30 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत की गई। यह सब्सिडी चिन्हित उपमंडल के भीतर यात्री बसें चलाने के लिए मिलेगी। हमीरपुर बस स्टैंड से डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज जोलसप्पड़ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

यूपी में वोटर लिस्ट से कटे 2.61 करोड़ मतदाताओं के नाम, चुनाव आयोग अब 17 नवंबर से चलाएगा विशेष अभियान



गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 18 साल से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 16.17 करोड़ होने का अनुमान है, जबकि मतदाता सूची में 13.56 करोड़ लोगों का नाम बतौर मतदाता दर्ज है।

अभी 2.61 करोड़ पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से बाहर होने का अनुमान है, इन लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक विशेष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं की पहचान कर उनसे फार्म संख्या छह भरवाकर मतदाता सूची में दर्ज कराने का कार्य करेंगे।

यह बातें उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को गाजियाबाद में कलक्ट्रेट परिसर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक के बाद कहीं।

गाजियाबाद में हटे सबसे ज्यादा नाम

उन्होंने गाजियाबाद में अचानक समीक्षा बैठक करने की वजह के बारे में कहा कि एसआईआर के दौरान पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 18.70 प्रतिशत नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे, लेकिन गाजियाबाद में 29 प्रतिशत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया गया था। गाजियाबाद उन शीर्ष तीन जिलों में शामिल है, जहां पर सर्वाधिक नाम हटाए गए। एसआईआर से पहले उत्तर प्रदेश में 15.44 करोड़ से अधिक मतदाता थे, जो कि एसआईआर के पहले चरण के बाद जनवरी माह में घटकर 12.55 करोड़ रह गए।

लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के फार्म मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज कराने के लिए नहीं मिले थे, इस वजह से उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया। इनमें मृतक, शिफ्टेड, अनुपस्थित, डुप्लीकेट सहित अन्य मतदाता शामिल होने बताए गए।

अब आधार कार्ड से नाम होगा मतदाता सूची में शामिल

एसआईआर के दौरान 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग की गई और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आधार कार्ड के अलावा भी एक दस्तावेज मांगा जा रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब आधार कार्ड के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

यमन की सेना की गोलाबारी में 5 लोगों की मौत, हूती विद्रोहियों से जंग जारी

नई दिल्ली। हूती विद्रोहियों और यमन की सरकारी सेना के बीच जंग जारी है। दोनों पक्ष लगातार एक-दूसरे के ठिकानों पर हमले कर रहे हैं, जिससे दोनों को ही नुकसान भी हो रहा है। दोनों का मकसद एक-दूसरे के ज्यादा से ज्यादा इलाकों पर कब्जा करके अपना प्रभाव बढ़ाना है। पिछले दो महीनों में यमनी सेना ने भी हूती विद्रोहियों के इलाकों में हमले बढ़ा दिए हैं। आज एक बार फिर यमनी सेना ने हूतियों के कब्जे वाले सादा पर हमला किया है। यमन के सादा में आज यमनी सेना की गोलाबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। यह हमला शादा जिले में किया गया, जो लंबे समय से हूती विद्रोहियों का गढ़ रहा है और यहीं पर इस संगठन की स्थापना हुई थी।



इसी बीच अब हूती विद्रोहियों पर पाकिस्तान भड़क उठा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान ने सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन पर रोक लगाने की मांग की है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में यमन पर लागू लक्षित प्रतिबंधों को एक साल के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। पाकिस्तान ने भी इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

यमन में जंग से खाने का संकट हुआ पैदा

यमन में चल रही जंग की वजह से खाने का संकट पैदा हो गया है, जिससे जनता को काफी परेशानी हो रही है। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम - डब्ल्यूएफपी की रिपोर्ट के अनुसार यमन में तेज़ी से बढ़ रही जंग की वजह से 8 लाख लोगों तक खाद्य सहायता नहीं पहुंच पा रही है। जंग के बदलते मोर्चों, बंद सड़कों और सुरक्षा की बिगड़ती स्थितियों की वजह से कई अहम इलाकों तक खाद्य सहायता का पहुंचना बहुत मुश्किल हो गया है। जंग का सबसे ज़्यादा असर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

स्पाइसजेट पर गहराया संकट, दिल्ली से 8 फ्लाइट्स कैंसिल; दुबई में 35.85 करोड़ बकाया होने पर रुका चेक-इन

नई दिल्ली। किफायती हवाई सेवाओं के लिए पहचानी जाने वाली विमानन कंपनी स्पाइसजेट की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीते एक महीने से गंभीर आर्थिक संकट और परिचालन संबंधी बाधाओं से जूझ रही इस एयरलाइन को अब दुबई से बड़ा झटका लगा है। बकाया राशि का भुगतान न करने के चलते दुबई एयरपोर्ट प्रशासन ने स्पाइसजेट की चेक-इन सेवाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। एयरपोर्ट प्राधिकरण के अनुसार, एयरलाइन पर लगभग 14 मिलियन दिरहम यानी करीब 35.8 करोड़ रुपये की राशि बकाया है, जिसे चुकाया नहीं गया है। इसी कारण 12 नवंबर से यह सख्त कदम उठाया गया है।



दुबई एयरपोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक स्पाइसजेट अपनी पूरी बकाया रकम का भुगतान नहीं कर देती। चेक-इन काउंटर बंद होने के सीधा असर हवाई यातायात पर पड़ा है और दुबई से उड़ान भरने वाली एयरलाइन की कई फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा है। स्थिति को देखते हुए स्पाइसजेट के दुबई स्टेशन मैनेजर ने फ्लाइट ऑपरेशन विभाग को दुबई से रवाना होने वाली सभी उड़ानों को निरस्त करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

दुबई में हुई यह कार्रवाई ऐसे नाजुक दौर में सामने आई है, जब एयरलाइन पहले से ही वित्तीय दबाव और परिचालन अव्यवस्था का सामना कर रही है। देश-विदेश में रोजाना बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हो रही हैं, जबकि कई फ्लाइट्स छह से आठ घंटे तक की देरी से चल रही हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि एयरलाइन का सक्रिय विमान बेड़ा सिमटकर महज 12 विमानों के आसपास रह गया है, वहीं कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिल पाने की खबरें भी सामने आ रही हैं। लगातार रद्द हो रही उड़ानों के बीच यात्रियों की परेशानी तब और बढ़ गई, जब 11 नवंबर की मध्यरात्रि को एयरलाइन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए हेल्पलाइन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

16 घंटे से ज्यादा ठप रहीं माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं, 74 देशों में 43 करोड़ यूजर प्रभावित; 93 हजार करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में आई तकनीकी खराबी ने भारत समेत दुनिया के 74 देशों में करोड़ों लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। गुरुवार आधी रात के बाद शुरू हुई इस गड़बड़ी के कारण माइक्रोसॉफ्ट 365, आउटलुक और टीम्स जैसी लोकप्रिय सेवाएं ठप हो गईं। इसका असर केवल आम यूजर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एयरलाइंस, अस्पताल, बैंक, सरकारी दफ्तरों और अदालतों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। करीब 16 घंटे से अधिक समय तक सेवाओं में बाधा बनी रही।



कंपनी को 93 हजार करोड़ रु. का नुकसान

दुनियाभर में अफरातफरी के बीच अमेरिकी शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों में लगभग दो प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इस वैश्विक आउटेज से करीब 10 अरब डॉलर यानी 93 हजार करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई गई है। एपी ने आउटेज ट्रैकर डाउनडिटेक्टर के हवाले से बताया कि भारत समेत 74 देशों में करीब 43 करोड़ यूजर इस समस्या से प्रभावित हुए। दर्जनों देशों के लगभग 1.30 लाख यूजर्स ने आउटलुक तक पहुंचने में परेशानी की शिकायत की।

माइक्रोसॉफ्ट पर कोई साइबर अटैक नहीं

माइक्रोसॉफ्ट ने साफ किया कि यह संकट साइबर सुरक्षा में सेंध या एआइ हमले की वजह से नहीं आया। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि उसने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सेवाओं को बहाल करने के प्रयास पूरे कर लिए हैं और ईमेल सेवाओं में सुधार दिखने लगा है। हालांकि, कंपनी ने आगाह किया कि कुछ यूजरों को रुक-रुककर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। 48 घंटे में सेवाएं पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है।

भारत में उड़ानों पर असर

प्रेट्र के अनुसार, भारत में इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा एयर की ईमेल सेवाएं प्रभावित हुईं। इंडिगो ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि वह ग्राहकों के ईमेल प्राप्त नहीं कर पा रही है। कंपनी ने यात्रियों को अपनी उड़ानों से जुड़े अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी। स्पाइसजेट ने शुक्रवार सुबह दिल्ली से पुणे, लेह और मुंबई जाने वाली तीन उड़ानें रद कर दीं। दरभंगा और मुंबई जाने वाली दो अन्य उड़ानों में भी देरी हुई। वहीं, एयर इंडिया ने कहा कि उसके उड़ान संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। यात्रियों से संपर्क बनाए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

केंद्र सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध : रामदास आठवले

रायपुर (दावा)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि केंद्र सरकार समाज के सभी वर्गों के समान विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दलितों, आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर कार्य किया जा रहा है। रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आठवले ने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ समावेशी विकास को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर उनका आसीन होना आदिवासी समाज की भागीदारी और सशक्तीकरण का महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे में व्यापक विस्तार हुआ है। सड़क और हवाई संपर्क सुविधाओं का विकास किया गया है। गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने वाली योजनाओं से करोड़ों लोग (शेष पृष्ठ 6 पर...)



पहला कॉलम...

प्रपत्र 6 नए नाम या कटे नाम के लिए स्पष्ट करें आयोग- कुसुम दुबे



आयोग 31 अक्टूबर तक एसएसआर प्रकिया में मौन क्यों

राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के सचिव अधिवक्ता कुसुम दुबे ने एसएसआर के प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन के बाद निर्वाचन आयोग की कागजी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए आयोग से मांग की है की एसआईआर दौरान जिन मतदाताओं के नाम विलोपित हुए उन मतदाताओं के नाम एसएसआर के दौरान 31 अक्टूबर तक किस प्रपत्र से जोड़ा गया या जोड़ा जाना है क्योंकि प्रपत्र 6 के माध्यम से मात्र नए मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में पहली बार शामिल होना है उनके लिए है वहीं प्रपत्र 6 के घोषणा पत्र की कंडिका 3 में आवेदक के द्वारा यह घोषणा की जा रही है कि निर्वाचक नामावली में पहली बार नाम जोड़े जाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है इसके पूर्व किसी भी विधानसभा या लोकसभा के निर्वाचन नामावली (वोटर लिस्ट) में उनका नाम सम्मिलित नहीं किया गया है पश्चात कंडिका 5 में यह घोषणा है कि यदि उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी मिथ्या असत्य पाए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 (43) की धारा 31 के तहत 1 साल कारावास और जुर्माना दोनों का प्रावधान है ऐसे में एसआईआर में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर आयोग कार्यवाही करने में ना कर नाम कटे मतदाताओं से प्रपत्र 6 भरवा रही है ऐसी दशा में आयोग को प्रपत्र 6 के घोषणा पत्र की कंडिका 3 और 5 जो आपराधिक कार्यवाही से संबंधित है को समाप्त करने का आदेश जारी किया जाना चाहिए। अधिवक्ता कुसुम दुबे मुखरित शब्दों में कही कि इंडिया गठबंधन और राहुल गांधी जी के अगुवाई में लोकतंत्र बचाओ ,वोट बचाओ ,देश बचाओ का जो जनअभियान चल रहा है उससे विचलित निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार डरी सहमी है और उसी के चलते अपनी नाकाम कारगुजारियों को छिपाने के लिए आम जनता वंचित मतदाताओं के साथ इस प्रकार साजिश पूर्ण कृत्य कर रही है जो लोकतंत्र और कानून तंत्र के विपरीत होने के साथ साथ सत्ता और शीर्ष संवैधानिक पद का दुरुपयोग ही है।

जिला साहू सदन में परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका प्रकाशन को लेकर कल बैठक





राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ द्वारा आगामी 22 नवंबर को आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका प्रकाशन की तैयारियों को लेकर रविवार, 15 नवंबर को प्रातः 11 बजे जिला साहू सदन में आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नोबल साहू एवं महामंत्री नीलमणी साहू ने संयुक्त रूप से समस्त जिला पदाधिकारियों, प्रकोष्ठ संयोजकों, सचिवों, तहसील एवं परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष-सचिवों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों, पंजीयन की प्रगति, पारिवारिक विज्ञापन संग्रहण तथा स्मारिका प्रकाशन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

श्रीमती रुक्मणी गोस्वामी का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली निवासी श्रीमती रुक्मणी गोस्वामी का 76 वर्ष की आयु में उनके गृह ग्राम अछोली में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अछोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे पुत्र मनोज गोस्वामी, कान्ता गिरी गोस्वामी एवं कमलेश गिरी गोस्वामी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से गांव व समाज में शोक की लहर है।

सौरभ मेहरा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्टेट हाईस्कूल में पीटीआई के पद पर पदस्थ रहे अशोक मेहरा के पुत्र सौरभ मेहरा का आज रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे बालोद में खेल अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे श्री किशोर मेहरा का भतीजा थे। उनके निज निवास लेबर कालोनी वार्ड नं 17 तुलसीपुर से कल दोपहर 12 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

श्रीमती लक्ष्मी गॉटलिब का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर निवासी रॉबिन गॉटलिब की माताश्री श्रीमती लक्ष्मी गॉटलिब का आज दोपहर 12 बजे हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा कल दिनांक 14 नवंबर शनिवार को सुबह 11 बजे उनके निज निवास शंकरपुर से मठपारा कब्रिस्तान के लिए निकलेगी।





छठ पूजा-नहाय-खाय के बाद आज होगी खरना

मोती तालाब, चिखली तालाब के पास जुटेंगे श्रद्धालु

लोक कलाकारो के मुख से गूंजेंगे छठी मईया के गीत





राजनांदगांव (दावा)। यूपी, बिहार मिथिलांचल के लोगों के लोक आस्था का महापर्व छठ पूजन की शुरुआत 13 नवंबर शुक्रवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो चुकी है। आज 14 नवंबर को शुद्ध मन से खरना की प्रसादी ले कर व्रती महिलाएं छठी मईया के कठिन व्रत का पालन करेंगी।

बता दें कि दीपावली के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की छठी तिथि को मनाये जाने वाले इस पर्व को लेकर शहर सहित अंचल भर में चल उत्साह का माहौल बना हुआ है। चूंकि शहर के मोती तालाब व चिखली तालाब में छठी मईया पूजन का कार्यक्रम संपन्न होता है। इसलिए नवयुवक समिति द्वारा मोतीतालाब की साफ-सफाई रंग-रोगन व वेदी स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इधर नगर निगम द्वारा तालाब के घाटों की साफ-सफाई की तैयारी पूरी कर ली गई है। समिति के ऋषि देव चौधरी ने बताया कि महापर्व अवसर पर तालाब सहित आसपास के क्षेत्रों को रौशनियो से नहाने रंगीन विद्युत झालरों से जगमग किया जा रहा है।

शहर के एतिहासिक मोती तालाब समीप स्थित श्री रामजानकी मिथिला धाम मंदिर के संयोजक अशोक चौधरी ने बताया कि इस छठ महापर्व में व्रती महिलाएं और पुरुष भगवान सूर्य और छठी मईया का आराधना करते हैं। चूंकि इस पावन पर्व की शुरुआत नहाय खाय के साथ हो चुकी है । इसमें पारंपरिक रुप से कद्दू भात सेवन? का विशेष महत्व है। इसके बाद आज खरना होगा। जिसमें व्रती पूरे दिन उपवास रखने के बाद पूजा-अर्चना कर खीर और गन्ने के रस का प्रसादी ग्रहण करेंगे जिसे खरना कहा जाता है। खरना प्रसादी के बाद ही 36 घंटे की निर्जला व्रत की शुरुआत हो जाएगी।

छठ महापर्व के तीसरे दिन यानि कि 15 नवंबर शनिवार को व्रतियों द्वारा नदी सरोवरों के घाट पहुंच कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया जाएगा। वहीं 16 नवंबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। इसके बाद व्रती पारणा कर अपना निर्जला व्रत पूरा करेंगे।

बाजार में बढ़ी पूजा सामग्रियों की मांग

छठ पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं बल्कि प्रकृति, स्वच्छता, अनुशासन और परिवार की एकजुटता का प्रतीक है। इस दौरान घाटों में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। छठ महापर्व में सूर्य देव और छठी मईया की आराधना का विशेष महत्व है। व्रती महिलाएं परिवार की सुख समृद्धि खुशहाली और संतान की मंगल कामना के लिए कठिन व्रत रखती है। चार दिनों तक अनवरत रुप से चलने वाले इस महापर्व को लेकर बाजार सज गया है। बाजार में नए वस्त्र परिधानो की मांग बढ़ गई है। चूंकि छठ महापर्व में गन्ने का विशेष महत्व है इसलिए शहर के गन्नो की आवक होने लगी है।जयस्तंभ चौक व मुख्य मार्केट गोल बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में फल -फूल , सूप, डलिया,ठेकवा ,गन्ना व अन्य पूजन सामग्रियां बिकने लगी है। इससे बाजार में चहल-पहल बना हुआ है।

लोक कलाकारो के भजन कीर्तन से गूंजेगा माहौल

मंदिर समिति के अशोक चौधरी ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर लोगों में खासा उल्लास बना हुआ है। इसे धूमधाम से मनाने मिथिला धाम गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी 14 नवंबर की शाम व्रती महिलाओ द्वारा तालाब के कमर भर पानी में डूबकर डूबते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। इस दौरान मोती तालाब में मेले जैसा माहौल बना रहेगा। दीपावली की तरह दना -दन पटाखे फूट पड़ेंगे। छठ महापर्व पर अंतिम दिन जब व्रती जनो द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा उसी दौरान पटाखों की धूम रहेगी। छत्तीसगढ़िया लोक कलाकार खिलेश यादव के गीतों का जलवा बिखरेगा उनके सुरमई भजन-कीर्तन की गूंज बनी रहेगी। इन कलाकारों के साथ छठी मईया का गीत गाने वाली महिला कलाकार भी अपने लोक गीतों से माहौल को सराबोर करेंगी। श्री चौधरी ने बताया कि इस साल के छठ पर्व में सभी उपस्थितों में ठेकुआ पकवान का वितरण होगा। छठी मईया की जय-जय मनाई जाएगी।

आपसी रंजिश पर विवाद करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी थाने में दर्ज है मारपीट का मामला

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने थाना क्षेत्र के पेंड्री में आपसी रंजिश को लेकर गाली-गलौज और विवाद करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) के समक्ष पेश किया है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी थाने में मारपीट का मामला दर्ज है।

लालबाग थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 12 नवंबर को पेंड्री क्षेत्र में कुछ युवक प्रार्थी के साथ इस बात को लेकर गाली-गलौज और विवाद कर रहे थे कि उसने थाने में उनके खिलाफ रिपोर्ट क्यों दर्ज कराई है।

मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस टीम द्वारा युवकों को काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे शांत नहीं हुए और लगातार विवाद करते रहे। किसी बड़ी अप्रिय घटना या संज्ञेय अपराध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों में नागेश नेताम पिता उमेंद्र नेताम (21 वर्ष), रोमन उर्फ टोमन कुमार गंधर्व पिता दयाराम गंधर्व (26 वर्ष), गोवर्धन साहू पिता नंदलाल साहू (22 वर्ष) निवासी आबादी पारा पेंड्री तथा रंजीत यादव पिता नोहर यादव (19 वर्ष) निवासी गौरा चौक पेंड्री शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएसएस (ब्ब्हस्स्) की धारा 170/126, 135(3) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे गौरव साहू



अंडर-14 टीम में चयनित होकर बढ़ाया राजनांदगांव जिले का मान

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला, संकुल भर्रेगांव, विकासखंड के प्रतिभाशाली छात्र गौरव साहू, पिता महेश्वर साहू, का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा कबड्डी प्रतियोगिता (अंडर-14) के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है।

बता दें कि गौरव साहू छत्तीसगढ़ की टीम में चयनित होने वाले दुर्ग संभाग के एकमात्र खिलाड़ी हैं। गौरव की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार, परिजनों एवं क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। उनकी सफलता को निरंतर मेहनत, खेल प्रतिभा और कबड्डी के प्रति समर्पण का परिणाम बताते हुए विद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों में प्रधान पाठक सुभाष मेश्राम, एसएमसी अध्यक्ष महेंद्र निषाद, उपाध्यक्ष ज्योति साहू, सरपंच चुम्मन साहू, उपसरपंच मदन साहू, शिक्षाविद् लखन साहू, शिक्षकगण डी.के. चंद्राकर, डी.के. नामदेव, आर.के. यादव, प्रीति चतुर्वेदी, जे.एल. साहू, डी.सी. साहू, एम.के. साहू, यामिनी ठाकुर सहित एसएमसी सदस्य देवकुमार साहू, नेमीचंद, नारद, केवल, टुकेश्वर, हेमनाथ, जितेंद्र यादव, नेमिन, कांता ठाकुर, खेमिन, दामिनी, सोनिया, ममता एवं मिलौतिन शामिल हैं।

विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि महेश्वर साहू के सुपुत्र गौरव साहू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ प्रदेश, राजनांदगांव जिले और अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गौरी-गौरा व गोवर्धन पूजा पर्व



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी लोक परंपरा के अनुरूप वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री में गौरी-गौरा, लक्ष्मी पूजन और गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली और आपसी भाईचारे व सद्भावना का संदेश दिया।

छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम के तहत पेंड्री स्थित गौठान और साहड़ा देव स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान गौ माता को पारंपरिक खिचड़ी खिलाकर गोवर्धन पूजन संपन्न हुआ। पूजन के पश्चात सभी ने एक-दूसरे को गोवर्धन का तिलक लगाया और गले मिलकर पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में वार्ड विकास समिति और शीतला समिति के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद कुलेश्वर ध्रुव, मेघदास वैष्णव, प्रीतक बाजपेयी, बेलस ठाकुर, ईसाक खान, राजेश झा, रामेन्द्र देवांगन, परस लहरे, गणेश सुपले, अंदरुस ठाकुर, तालुक कोटवार, दुर्गाराम साहू, योगेश सिन्हा, कांशी मैथिलक्षत्री, नरेश विश्वकर्मा, सुरेश यादव, रोहित ठाकुर, लक्ष्मण सलाम, राजेन्द्र नेताम, मंशा रजक, शिव साहू, प्रेम भारती, द्वारिका यादव, बरातू मानिकपुरी, अमीत झा, परमेश्वर वैष्णव, नंदकुमार नेताम, विशेषर निषाद, अशोक सेन और घसिया सिन्हा सहित महिलाएं, युवा, बच्चे व बुजुर्ग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नर्मदा बाई साहू पति तेजराम साहू निवासी वार्ड नं. 2 आजाद नगर,दल्लीराजहरा (नगर पालिका) तह. डौण्डी, जिला बालोद की निवासी हूँ।

यह शपथ करती हूँ कि मेरे ऋण पुस्तिका क्रं. 0908517 मे मेरा नाम नर्मदा बाई आ. जंगलू राम ग्राम अर्जुनी वि. खं. गुण्डरदेही, जिला दुर्ग दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड क्रं. 593975177941 में मेरा नाम नरबद बाई साहू पति तेजराम 35 ब नरबद बाई साहू वार्ड नं.02 आजाद नगर जन्म तिथि 01.01.1964 दल्ली राजहरा, बालोद दर्ज है। तथा मेरे आयकर विभाग कार्ड क्रं. AMAPN3856B में मेरा नाम NARABADA जन्म तिथि 16.12.1962 दर्ज है व राशन कार्ड नर्मदा बाई साहू दर्ज है जिसे बदलकर सही नाम नर्मदा बाई साहू पति तेजराम साहू आधार 593975177941 निवासी वार्ड नं. 2, आजाद नगर, दल्ली राजहरा (नगर पालिका) तह. डौण्डी जिला बालोद है। जिस हेतु यह शपथ नाम परिवर्तन प्रस्तुत है।

अतः आज से मुझे मेरे सही नाम नर्मदा बाई साहू पति तेजराम साहू आधार 593975177941 निवासी वार्ड नं. 2 आजाद नगर दल्ली राजहरा (नगर पालिका) तह. डौण्डी, जिला बालोद से ही जाना व पहचाना जावे तथा समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय में दर्ज किया जावे।

नर्मदा बाई साहू
पति तेजराम साहू
निवासी वार्ड नं. 2 आजाद नगर
दल्ली राजहरा (नगर पालिका)
तह. डौण्डी जिला बालोद

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक
202611093700022 1-6 वर्ष 2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र चकोले आ. स्व. काशीनाथ चकोले एवं अन्य, निवासी-टाटीबंध, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्रमांक 48 सी. भूखण्ड क्रमांक 58, क्षेत्रफल 139.00 वर्गमीटर जो धारकगण काशीनाथ जगन्नाथ आ. स्व. रामचंद चकोले, शोभा, सीमा आ. स्व. बालाराम चकोले, उमा ध.प. स्व. बालाराम चकोले. मनीष, उमेश, रितेश, कुमुद सभी आ. स्व. जगदीश राव, सुखमा बाई, जनाबाई दोनों आ. रामचंद चकोले, निवासी रामाधीनमार्ग, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूखण्ड के सहधारक काशीनाथ आ. स्व. रामचंद चकोले की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण अ-6 में पंजीबद्ध किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो, तो वह सुनवाई दिनाँक 27.11.2026 को न्यायालय नजूल (जांच), राजनांदगाँव में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियम तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनाँक 12.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच, राजनांदगाँव

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक राजस्व मामला क्रमांक 202611093700020
अ-6 वर्ष 2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनीता देशमुख ध.प. स्व. लक्ष्मीनारायण एवं अन्य, निवासी भगतसिंग चौक, वार्ड नं. 17, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्रमांक 48 सी, भूखण्ड क्रमांक 58, क्षेत्रफल 139.00 वर्गमीटर जो धारकगण काशीनाथ जगन्नाथ आ. स्व. रामचंद चकोले, शोभा, सीमा आ. स्व. बालाराम चकोले, उमा ध.प. स्व. बालाराम चकोले, मनीष, उमेश, रितेश, कुमुद सभी आ. स्व. जगदीश राव, सुखमा बाई, जनाबाई दोनों आ. रामचंद चकोले, निवासी रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूखण्ड के सहधारक सुखमाबाई आ. रामचंद चकोले की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण अ-6 में पंजीबद्ध किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो, तो वह सुनवाई दिनाँक 27/11/2026 को न्यायालय नजूल (जांच), राजनांदगाँव में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियम तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनाँक 12.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच, राजनांदगाँव

विकसित भारत-जी राम जी योजना के लिए अगले 100 दिन अहम

रायपुर। विकसित भारत-जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आगामी 100 दिनों को महत्वपूर्ण बताते हुए आयुक्त एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संचालक तारन प्रकाश सिन्हा ने अधिकारियों को स्वीकृत निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। साथ ही रोजगार सृजन, जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन से जुड़े नवाचार आधारित कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

- अधिसूचना -

(धारा-19, भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्ययवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013)

क्र./3674/कले./भू-अर्जन/2026 राजनांदगांव, दिनांक 12/11/2026

रा.मा.क्र - 202007090700016 अ-82 वर्ष 2025-26 चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की औद्योगिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम-2013 कहा जायेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है:-

- अनुसूची-

भूमि का वर्णन :-

जिला - राजनांदगांव, तहसील - घुमका
ग्राम/नगर - पटेवा भूमि का क्षेत्रफल - 2.645 हेक्टेयर

खसरा नंबर	रकबा (हेक्टयर में)
752	0.926
765/1	0.409
765/2	0.405
488	0.804
50/1	1.101
योग- 05	**2.645**

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव के कार्यालय में किया जा सकता है।

(3) उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग राजनांदगांव

कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

- अधिसूचना -

(धारा-19, भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्ययवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013)

क्र./2043/कले./भू-अर्जन/2028 राजनांदगांव, दिनांक 05/10/2026

रा.मा.क्र.- 202606090700147 अ-82 वर्ष 2025-28 चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की औद्योगिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम-2013 कहा जायेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है:-

- अनुसूची-

भूमि का वर्णन :-

जिला - राजनांदगांव, तहसील - घुमका
ग्राम/नगर - बिजेतला भूमि का क्षेत्रफल - 2.857 हेक्टेयर

खसरा नंबर	रकबा (हेक्टयर में)
67	0.785
341	0.040
412	0.559
486/2	0.077
510/1	1.396
योग- 05	**2.857**

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव के कार्यालय में किया जा सकता है।

(3) उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग राजनांदगांव

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202611093700021
अ-6 वर्ष 2026-27

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश देशमुख आ. स्व. बकाराम देशमुख एवं अन्य, निवासी भगतसिंग चौक, वार्ड नं. 17, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्रमांक 48 सी, भूखण्ड क्रमांक 58, क्षेत्रफल 139.00 वर्गमीटर जो धारकगण काशीनाथ जगन्नाथ आ. स्व. रामचंद चकोले, शोभा, सीमा आ. स्व. बालाराम चकोले, उमा ध.प. स्व. बालाराम चकोले, मनीष, उमेश, रितेश, कुमुद सभी आ. स्व. जगदीश राव, सुखमा बाई, जनाबाई दोनों आ. रामचंद चकोले, निवासी-रामाधीन मार्ग, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदित भूखण्ड के सहधारक जनाबाई आ. रामचंद चकोले की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण अ-6 में पंजीबद्ध किया गया है। अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो, तो वह सुनवाई दिनांक **27/11/2026** को न्यायालय नजूल (जांच), राजनांदगाँव में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियम तिथि के पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनाँक 12/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच, राजनांदगाँव

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास विभाग) कबीरधाम (छ.ग.)

E-mail id actd.kabeerdham@gov.in

(Zonal Ternder) प्रथम आमंत्रण

क्रमांक/आजाक/लघु निर्माण/2026-27/DIS/172566/2026 कबीरधाम, दिनांक 06/11/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) D" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) जिला-कबीरधाम के विकासखंड बोड़ला, पंडरिया, कवर्धा एवं स. लोहारा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित छात्रावास/आश्रमों भवनों में, अनुरक्षण एवं लघु निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन eproc.cgstate.gov.in में निविदा प्रतिशत दर पर आंमत्रित किया जाता है।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम स्थल	कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष की अनुमानित लागत प्रत्येक ग्रुप की लागत राशि (लाखों में)	आनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि
1	203739	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि.खं. बोड़ला के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण / लघु निर्माण कार्य ग्रुप	20.00	27/11/2026
2	203740	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि. खं. पंडरिया के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण / लघु निर्माण कार्य ग्रुप 'ब'	20.00	27/11/2026
3	203741	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि. खं. कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण / लघु निर्माण कार्य ग्रुप 'स'	20.00	27/11/2026
4	203742	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि.खं. कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण / लघु निर्माण कार्य ग्रुप 'द'	20.00	27/11/2026

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट में देखी जा सकती है।

जी- 262704484/2

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कबीरधाम

शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण लेकर व्यवसाय करने का सुनहरा मौका

0 प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ के लिये ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन करने

0 महापौर ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। शहरी पथ विक्रंताओ को व्यवसाय करने के लिए आसानी से ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित की जा रही है। योजना का क्रियान्वयन करने नगर निगम राजनांदगांव क्षेंत्रांतर्गत निवासरत छोटे व्यवसायियों से भी ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। स्वयं के व्यवसाय के लिए ऋण लेकर आत्मनिर्भर बनने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आवेदन करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेने निगम सीमाक्षेत्र के शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे दुकानदारो द्वारा विभिन्न बैको से ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजनांतर्गत बैको के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया है। द्वितीय एवं तृतीय किस्त के ऋण अदायगी करने वाले वेंडर्स को 30 हजार रूपये का क्रेडिट कार्ड प्रदान करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैंको के माध्यम से केडिट कार्ड प्राप्त करने की अपील की जा रही है।



योजना आरंभ से वर्तमान तक ऋण प्रकरणो में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये के लिए 2208 लोगो को, द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार के लिए 628 लोगो को एवं तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये के लिए 150 लोगो को ऋण प्रदान किया गया है, इस तरह कुल 2986 पथ विक्रेताओ एवं छोटे दुकानदारो को विभिन्न बैंको के माध्यम से ऋण की अदायगी की जा चुकी है। उक्त वेंडर्स को अब तक 4.66 करोड का ऋण एवं 12 लाख रूपये की ब्याज अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है एवं वेंडर्स को 7 लाख रूपये का डिजिटल लेन देन करने पर क्रेस बैक भुगतान किया गया है। निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न बैंको में 719 प्रकरण स्वीकृत एवं वितरण किये जाने हेतु लंबित है।

इस संबंध में आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने बताया कि निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न बैको में लंबित प्रकरणो पर बैंको को ऋण की स्वीकृति एवं वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। यह योजना छोटे दुकानदारो एंव गरीबो के लिए लाभकारी तथा आर्थिक व वित्तीय सुविधा पहुचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। योजना का लाभ लेने नजदीकी च्वाईस सेन्टर एवं कम्प्यूटर दुकानों में ऋण लेने हेतु ऑन लाईन आवेदन कर सकते है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के संबंध में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि निम्न वर्ग के लोग जिनके द्वारा फेरी लगाकर या छोटा मोटा व्यवसाय कर, गुजर बसर किया जाता है, उन्हे आर्थिक संबल प्रदान करने शासन द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ किया गया है। शासन मंशा अनुरूप हमें योजनांतर्गत नियमानुसार उन्हें व्यवसाय करने ऋण प्रदान करना है। ऋण लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेंज जैसे आधार कार्ड, (मोबाईल नम्बर लिंग हो) बैंक पास बुक, मतदाता परिचय पत्र, 02 फोटो के साथ साथ मोबाईल फोन लाना अनिवार्य है। उन्होंने स्वयं के व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त करने ऑनलाईन आवेदन करने की अपील की है।

गोवर्धन पूजा में शामिल हुए देवशरण सेन, ग्रामीणों के साथ मनाया पर्व

गृह ग्राम सारंगपुर में विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना, बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के केश शिल्पी बोर्ड के सदस्य देवशरण सेन अपने गृह ग्राम सारंगपुर में आयोजित गोवर्धन पूजा एवं मातर मंडई के पारंपरिक आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। गांव में पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ ग्रामीणों ने गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया।

गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम सारंगपुर में आयोजित मातर मंडई में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरे आयोजन में ग्रामीण संस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे की झलक देखने को मिली। महिला एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। गांव के लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर केश शिल्पी बोर्ड के सदस्य देवशरण सेन ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर पर्व की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हमें प्रकृति, गौमाता और अन्नदाता के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। वहीं मातर मंडई जैसे पारंपरिक आयोजन हमारी ग्रामीण संस्कृति और सामाजिक एकजुटता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक आयोजनों को सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का माध्यम भी बनते हैं। कार्यक्रम में ओमप्रकाश यादव, राजू यादव, पूर्व जनपद सदस्य शिवराम सिन्हा, पूर्व शासकीय अधिवक्ता धनूलाल सेन, ग्राम पटेल राधेलाल वर्मा, बंशीलाल सेन, लछनू यादव, लतमार यादव, रामगुलाल यादव, राजकुमार यादव, रबिलाल यादव, रामलाल यादव, सरपंच उमेश यादव सहित ग्राम सारंगपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

39 साल पहले रईस अहमद शकील ने साइकिल से नापा था राजनांदगांव से दिल्ली-अजमेर तक का 3400 किमी का सफर



राजनांदगांव (दावा)। देश के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का जज्बा कैसा होता है, इसकी एक अनूठी मिसाल आज से ठीक 39 वर्ष पूर्व संस्कारधानी के युवाओं ने पेश की थी। 14 नवंबर 1987 को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर राजनांदगांव के तीन उत्साही युवाओं रईस अहमद शकील, शेख हमीद और राजीव ठाकुर ने साइकिल से एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की थी। यूथ कांग्रेस के तत्वावधान में 20 सूत्रीय कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए शुरू हुआ यह सफर 43 दिनों में 3400 किलोमीटर की दूरी तय कर राजनांदगांव वापसी के साथ संपन्न हुआ।

इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए तत्कालीन सांसद स्व. शिवेन्द्र बहादुर सिंह ने तीनों युवाओं को साइकिलें उपलब्ध कराई थीं। 14 नवंबर की सुबह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन सदस्य स्व. इंदर चंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर इस दल को रवाना किया था। यात्रा का मुख्य उद्देश्य तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के महत्वाकांक्षी 20 सूत्रीय कार्यक्रम जिसमें गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और युवाओं के रोजगार जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल थे को गांव-गांव तक पहुंचाना था।

वर्तमान के सुगम राजमार्गों के उलट, वर्ष 1987 में यह सफर बेहद चुनौतीपूर्ण था। डब्ल्यूबीएम (गिट्टी-मुरम) और कच्चे रास्तों पर रोजाना औसतन 110 किलोमीटर साइकिल चलाना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। रास्ते में बार-बार टायर फटने और पंचर होने की समस्याओं के बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। कई निर्जन इलाकों में पानी न मिलने पर उन्हें प्यास बुझाने के लिए ट्रकों के पीछे टंगे टायरों के टुकड़ों में जमा पानी तक पीना पड़ा।

यात्रा के पड़ाव में भोपाल पहुंचने पर खुज्जी के तत्कालीन विधायक इमरान मेमन के मार्गदर्शन में दल ने तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल वोरा से मुलाकात की। इसके बाद दल दिल्ली पहुंचा, जहां राजीव ठाकुर का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें ट्रेन से वापस राजनांदगांव भेजना पड़ा। इसके पश्चात रईस अहमद शकील और शेख हमीद ने आगे का सफर जारी रखा। दिल्ली में तत्कालीन सांसद शिवेन्द्र बहादुर सिंह के सहयोग से दोनों युवाओं की मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी से हुई। प्रधानमंत्री ने युवाओं के इस अनूठे प्रयास और समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की।

दिल्ली के बाद दोनों यात्री साइकिल से ही राजस्थान के अजमेर शरीफ पहुंचे। वहां उन्होंने हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (गरीब नवाज) की दरगाह पर चादर पेश कर देश की खुशहाली, अमन और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। 43 दिनों की इस कठिन तपस्या के बाद 27 दिसंबर 1987 को यह यात्रा वापस राजनांदगांव पहुंचकर संपन्न हुई।

अजमेर शरीफ से लौटने के बाद रईस अहमद शकील ने अपने जीवन में एक नया मुकाम हासिल किया। सामाजिक सरोकारों से जुड़े इस अभियान के बाद राजनीति, समाजसेवा और व्यवसाय के क्षेत्र में उन्होंने निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ीं। आज भी 39 साल पुरानी यह साइकिल यात्रा शहर के युवाओं के लिए दृढ़ संकल्प और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा बनी हुई है।

शंकरपुर में धूमधाम से निकली मां काली विसर्जन यात्रा, भक्तों की उमड़ी भीड़

ज्योति जवांरा कलश के साथ निकाली विसर्जन यात्रा की रही धूम



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पटरी पार इलाका शंकरपुर में मां कालिका पूजन की धूम रही। शंकरपुर वार्डवासियों ने दीपावली व गोवर्धन पूजा के बाद विधि विधान से मां काली की स्थापना की गई और 72 घंटे तक मां कालिका की पूजा अर्चना कर शुक्रवार को धूमधाम के साथ विसर्जन यात्रा निकाली और दैवीय आवेग में झूमते नाचते माता कालिका का शिवनाथ नदी में विसर्जन किया।

मां कालिका की विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में वार्ड की नर -नारिया व बूढ़े जवान बच्चे सभी मौजूद थे। मां कालिका प्रतिमा विसर्जन यात्रा में प्रमुख रूप से 51 की संख्या में ज्योति जंवारा कलश के साथ मंडई ,बैरग पताका आकर्षण का केंद्र रहा।

वार्ड के पार्षद शिव वर्मा ने बताया कि शंकरपुर वार्ड में विगत 25 वर्षों से मां काली की स्थापना की जाती रही है। दीपावली में मां लक्ष्मी पूजन के बाद वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से मां काली की प्रतिमा स्थापना करते आ रहे हैं। मां काली की 72 घंटे तक प्रतिमा स्थापित व पंडित पुजारियों बैगाओ के माध्यम से विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाने के उपरांत शुक्रवार 13 नवंबर को धूमधाम के साथ माता जी का विसर्जन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मां कालिका की जब से शंकरपुर वार्ड में स्थापित की जाती रही है। वार्ड में मां कालिका की कृपा बनी हुई है। लोग स्वयं स्फूर्त हो चंदा एकत्रित कर हर साल मां काली की प्रतिमा रखते हैं और विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए। इस दौरान भक्तों के श्रद्धा के अनुरूप ज्योति जवांरा कलश भी स्थापित किए जाते हैं। मां कालिका की विसर्जन के साथ -साथ ज्योति जवांरा कलशों का विसर्जन धूमधाम से की जाएगी। उक्त विसर्जन यात्रा शंकरपुर से बाजे गाजे के साथ निकल कर शहर भ्रमण करते हुए शिवनाथ नदी मोहारा जा कर समापन होगी। शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ में मां काली का पूजन अर्चन व हूम धूप के बाद विसर्जन किया जाएगा।

किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय, कृषक उन्नति योजना से मिलेगी बड़ी राहत - देवकुमारी साहू



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने धान खरीदी से पहले किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कृषक उन्नति योजना के तहत बड़ी राहत प्रदान की है। योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार के इस किसान हितैषी फैसले का स्वागत करते हुए राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति श्रीमति देवकुमारी साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमति साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है। इससे किसानों को अपनी उपज का समर्थन मूल्य मिलने के साथ अतिरिक्त आर्थिक सहायता का लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि योजना के नए प्रावधान के अनुसार यदि कोई किसान प्रति एकड़ निर्धारित 21 क्विंटल धान के स्थान पर केवल 15 क्विंटल धान का विक्रय करता है, तब भी उसे 21 क्विंटल के आधार पर निर्धारित पूरी आदान सहायता राशि मिलेगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने धान के समर्थन मूल्य 2,441 रुपये प्रति क्विंटल और 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की निर्धारित दर के बीच 659 रुपये के अंतर को आधार बनाया है। इस अंतर के अनुसार 21 क्विंटल प्रति एकड़ की गणना करने पर पात्र किसानों को 13,839 रुपये प्रति एकड़ की सहायता राशि प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त किसानों को उनके द्वारा विक्रय किए गए धान का समर्थन मूल्य भी अलग से दिया जाएगा।

जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह निर्णय किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला है। इससे खेती-किसानी को प्रोत्साहन मिलेगा और किसानों को आर्थिक मजबूती के साथ बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

जनजाति गौरव दिवस को लेकर सियासी बयानबाजी तेज, भाजपा नेता अशोक चौधरी ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर जताई कड़ी आपत्ति



राजनांदगांव (दावा)। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को भाजपा द्वारा ''जनजाति गौरव दिवस'' के रूप में मनाए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा की गई कथित टिप्पणी पर राजनांदगांव के भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासी समाज के महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए इसे राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया है। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने अपने बयान में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि जर्मन ईसाई मिशनरी में अध्ययन के दौरान पादरियों द्वारा सनातन धर्म के अपमान और धर्मांतरण के दबाव के विरोध में बिरसा मुंडा ने पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने ''बिरसाईत पंथ'' की स्थापना कर आदिवासी समाज को संगठित किया और किसी भी प्रलोभन या दबाव में आकर धर्मांतरण न करने के लिए प्रेरित किया। चौधरी ने कहा कि समाज के प्रति उनके समर्पण के कारण ही आदिवासी समाज उन्हें ''धरती आबा'' (धरती का पिता) मानता है। उन्होंने आगे कहा कि ब्रिटिश शासन और मिशनरियों के विरोध के चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया और वर्ष 1900 में महज 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और पंथ आज भी जीवित हैं।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अशोक चौधरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को भगवान बिरसा मुंडा के धर्मांतरण विरोधी संदेश से नाराजगी है, क्योंकि वह इसे अपने वोट बैंक से जोड़कर देखती है। उन्होंने कहा कि जनजाति गौरव दिवस जैसे आयोजन को ''पाखंड'' कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हाशिए पर जा रही कांग्रेस को इसका राजनीतिक खामियाजा भुगतना पड़ेगा। चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को खुश करने के लिए अपने ही आदिवासी समाज की भावनाओं और गौरव का अपमान किया है, जिसे समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा।

फटाका दुकान हटते ही म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में फैले कचरे की सफाई करने जुटा निगम का सफाई अमला



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम शहर में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है। महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला दीपावली त्योहार के बाद शहर में फैले गंदगी की युद्ध स्तर पर सफाई कर रही है। आज सुबह आयुक्त श्री मरकाम सफाई निरीक्षण के दौरान म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में लगे फटाका दुकान हटने के पश्चात मैदान में फैली गंदगी का जायजा लेकर अमला लगा सफाई कराई।

शहर में सफाई निरीक्षण की कडी में आज सुबह आयुक्त श्री मरकाम म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में साफ सफाई का जायजा लिया। फटाका दुकान हटने के पश्चात मैदान में भारी तादात में कचरा फैला था, जिसे निगम द्वारा साफ किया जा रहा था। आज आयुक्त स्वयं उपस्थित होकर गैंग लगाकर मैदान में फैले गंदगी की सफाई कराये। सफाई के दौरान फैले कचरा, झिल्ली, पन्नी,प्लास्टिक तथा फटाके के अवशेष को उठाकर सफाई की गयी। सफाई हो जाने से मैदान पूर्ववत स्थिति में आ गया। इसी प्रकार फ्लाई ओव्हर सर्विस रोड के किनारे भी साफ करने कहा। उन्होंने सफाई अमला से कहा कि त्योहार या किसी भी आयोजन के पश्चात कचरा ज्यादा फैल जाता है, जिसे प्राथमिकता से साफ करना सुनिश्चित करे। आगामी छठ पर्व एवं छोटी दिवाली को ध्यान में रखकर शहर में व्यापक रूप से साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

निगम का सफाई अमला छठ पर्व के लिए मोती तालाब एवं चिखली तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाकर तालाबो के आस पास सफाई कर तालाबो में तैरता कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट निकाला गया। श्रद्धालुओ के लिए स्वच्छ वातावरण निर्मित करने घाट की सीढिया और किनारे सफाई कर गंदगी हटाई गयी तथा दवा आदि का छिडकाव कर चुना लाईन डाला गया। नागरिको से भी स्वच्छता बनाए रखने अपील की जा रही है कि तालाब के घाट में कचरा प्रतिबंधित पालिथीन व प्लास्टिक न फैके और पूजन सामाग्री निर्धारित स्थल पर ही डाले।

किशोरी स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता पर हुआ 'ओ री बहिनी' कार्यक्रम



पहल पोषण की कार्यक्रम अंतर्गत हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। एबिस पहल के सहयोग से सृजन सामाजिक संस्था द्वारा संचालित 'पहल पोषण की' कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरी स्वास्थ्य एवं पोषण पर आधारित विशेष जागरूकता कार्यक्रम 'ओ री बहिनी'' का आयोजन एबिस के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में किया गया, जिसमें चालीस से अधिक किशोरी बालिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करना, उन्हें किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों की जानकारी देना तथा व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से मेडिकल ऑफिसर डॉ. आरती कावले, सुश्री महिमा सोनी एवं सृजन के संचालक शरद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. आरती कावले द्वारा किशोरियों को पोषणयुक्त भोजन, एनीमिया से बचाव, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के विषय में जानकारी दी गई और किशोरियों द्वारा उनके स्वास्थ्यगत संबंधी समस्याओं के सवालों का जवाब भी दिया गया। एबिस ग्रुप की सुश्री महिमा सोनी द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और उन्हें अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों के प्रति जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाने का प्रयास किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में पहल दीदीयों द्वारा किशोरावस्था में आने वाली समस्याओं और उनके समाधानों का बहुत ही रोचक, मनोरंजक व सहज तरीके से रोल प्ले के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। ''ओ री बहिनी'' कार्यक्रम ने किशोरी स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद और जागरूकता का सार्थक मंच प्रदान किया। इस पहल के माध्यम से किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य, सशक्तिकरण एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक दीपक गोजे, पूर्णिमा साहू, साहिल देवांगन, पूजा यादव, कुसुम साहू, तोरन पटेल, फूल बाई निषाद, लिशा तिवारी, मीता राजपूत एवं सीमा निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अंतर जिला क्रिकेट में राजनांदगांव और प्लेट कंबाइंड की आसान जीत

राजनांदगांव ने भिलाई को 9 विकेट और प्लेट कंबाइंड ने रायपुर को 6 विकेट से हराया



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-19 पुरुष वर्ग के एकदिवसीय मुकाबलों में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव और प्लेट कंबाइंड छत्तीसगढ़ ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। राजनांदगांव ने भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन को 9 विकेट से तथा प्लेट कंबाइंड छत्तीसगढ़ ने रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन को 6 विकेट से पराजित किया।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित मुकाबला दिग्विजय स्टेडियम में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम 39.3 ओवर में 152 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्लेट कंबाइंड छत्तीसगढ़ ने चार विकेट खोकर 153 रन बनाते हुए 6 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। प्लेट कंबाइंड के लेग स्पिनर तुलष्य प्रजापति ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 45 रन देकर 5 विकेट हासिल किए।

इधर एनसीजी कांकेर मैदान में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम 44.3 ओवर में 160 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भिलाई के सलामी बल्लेबाज यशराज सिंह और अथर्व जोशी ने तेज शुरुआत करते हुए चार ओवर में 32 रन जोड़े। यशराज ने 27 और अथर्व ने 25 रन बनाए। इसके बाद राजनांदगांव के पेसर चुम्मन निषाद और लेग स्पिनर गुलाम अशरफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भिलाई के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया। दोनों ने अगले 19 ओवर में महज 53 रन देकर क्रमशः तीन और दो विकेट हासिल किए। भिलाई की ओर से निचले क्रम के बल्लेबाज अंश फूले ने 41 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।

161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। कप्तान एवं विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज श्रेयांश शांड़ेकर और ऋषि यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 28 ओवर में 148 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। राजनांदगांव ने एक विकेट खोकर 161 रन बनाते हुए 9 विकेट से मुकाबला जीतकर 6 महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। श्रेयांश शांड़ेकर ने 73 रन तथा ऋषि यादव ने नाबाद 64 रन बनाए।

आज मुकाबले - शनिवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव का मुकाबला प्लेट ग्रुप की विजेता जिला क्रिकेट एसोसिएशन नारायणपुर से एनसीजी कांकेर मैदान में होगा। वहीं रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिला क्रिकेट एसोसिएशन दुर्ग से भिड़ेगी। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी।

अनमोल 'दावा'

> डर हमेशा आपको एक कैदी बना के रखेगा, जबकि खुले विचार आपको एक बादशाह बनाके रखेंगे।

महिला आरक्षण की आस

संसद के मानसून सत्र का तीन माह बाद भी सत्रावसान न किए जाने से जिन चर्चाओं को खूब बल मिला, उनमें सबसे प्रमुख यही रही कि सरकार कभी भी विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण लागू करने वाले कानून में संशोधन वाले विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक को भी पारित करने का प्रयत्न कर सकती है। अब इसके आसार और बढ़ते दिख रहे हैं। इसका एक कारण तो यह है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव निकट आ गए हैं और दूसरे, महिला आरक्षण वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 2029 से पहले तभी लागू किया जा सकता है, जब नई जनगणना के नतीजों की प्रतीक्षा न की जाए।

इस अधिनियम में यह प्रविधान था कि महिला आरक्षण नई जनगणना के हिसाब से होने वाले परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा, लेकिन कोविड महामारी के कारण जनगणना में जो विलंब हुआ, उसके चलते लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण 2029 से पहले लागू करना संभव नहीं।इसे संभव बनाने के लिए ही सरकार ने कुछ माह पहले विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन विपक्ष के असहयोग के कारण वह इसमें नाकाम रही।

हालांकि सरकार ने विपक्ष को संतुष्ट करने के लिए सभी राज्यों में 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, ताकि हर राज्य का लोकसभा में प्रतिनिधित्व प्रतिशत वही रहे और महिला आरक्षण लागू करने का सभी दलों का वचन भी पूरा हो जाए। विपक्ष को यह अलिखित प्रस्ताव रास नहीं आया। चूंकि अब सरकार सभी राज्यों की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को विधेयक का हिस्सा बनाने के संकेत दे रही है, इसलिए वह महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक को पारित कराने में सफल हो सकती है। ऐसा होने का एक कारण विपक्षी गठबंधन में बिखराव और टूट-फूट होना भी है। जहां तृणमूल कांग्रेस के 20 लोकसभा सदस्य उससे अलग हो चुके हैं, वहीं आम आदमी पार्टी के आठ राज्यसभा सदस्य भी भाजपा में आ चुके हैं। इसके अलावा द्रमुक विपक्षी गठबंधन से बाहर आ गया है और उसे सभी राज्यों की 50 या 33 प्रतिशत लोकसभा सीटें बढ़ाने की सरकार की पहल में न तो कोई खामी दिख रही है और न ही तमिलनाडु का राजनीतिक अहित। 50 के स्थान पर 33 प्रतिशत सीटों का प्रस्ताव इसलिए सबको रास आ सकता है, क्योंकि महिला आरक्षण के तहत इतने प्रतिशत ही सीटें बढ़नी हैं।

जो भी हो, विपक्षी दलों को यह विस्मृत नहीं करना चाहिए कि 2023 में महिला शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों से लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ था। ऐसे में विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे देश की आधी आबादी को दी गई अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने करने के लिए आगे आएं।

सामाजिक एकता और पारिवारिक जुड़ाव का भी पर्व है छठ



डॉ. शंकर मुनि राय

मीडिया के प्रचार-प्रसार ने सूर्योपासना के महान पर्व छठ को जो वैश्विक स्वरूप प्रदान किया है, उसमें प्रकृति पूजा, सामाजिक एकता और पारिवारिक जुड़ाव का भी संदेश प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से दिखाई पड़ रहा है। ऊर्जा के सबसे बड़े स्रोत सूर्य को भगवान का दर्जा इसलिए प्राप्त है कि उनका प्रभाव दुनिया का प्रत्येक जीव जाने-अनजाने अनुभव करता है। उनका प्रकाश पुंज समान रूप से सभी के लिए उपलब्ध होता है। सूर्य की नजर में ऊंच-नीच का भेद नहीं है। वे समदर्शी हैं। इसलिए भगवान सूर्य पृथ्वी के प्रत्यक्ष देवता हैं। प्रकृति का बदलाव भले ही ग्रह-नक्षत्रों के योग से होता है, पर सूर्य का प्रभाव प्रत्येक जीव आसानी से अनुभव कर लेता है। रात-दिन, सर्दी, गर्मी और बरसात के बदलते रंग-रूप को दुनिया के लोग सबसे अधिक सूर्य के द्वारा ही संचालित मानते हैं। जल संरक्षण और जलाशयों की पवित्रा के साथ ही जीवन में जल के महत्व को व्यावहारिक रूप से महसूस कराने वाले इस पर्व के महत्व को लोग अपने अनुभव से ही समझ लेते हैं।



शरद ऋतु की शुरुआत में उपवास का महत्व एक तरफ जहां स्वास्थ्य सुरक्षा का संकेत देता है, वहीं उदरस्थ जल में खड़े होकर पहले अस्ताचलगामी सूर्य और फिर सूर्य के बालक रूप को अर्घ्य देने की परंपरा में लोकास्था का ऐसा विष्वास संस्कार कायम है, जिसे भारत की सनातनी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी एकदूसरे को हस्तांतरित करती आ रही है।

कृषि परंपरा के इस प्राकृतिक देष में अन्न और जल का विषेष महत्व इसलिए भी है कि इन दोनों के लिए सूर्य का उदित और अस्त होना अनिवार्य है। खरीफफसल की उपज से कृषक परिवार में जो खुषी और उमंग का वातावरण उत्पन्न होता है, उसे वह सिर्फ अपने तक ही नहीं सीमित रखना चाहता है। वह उसी सूर्य को अर्पित करके अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है, जिसकी कृपा से उसे प्राप्त हुआ है। मौसमी फलों में केला, अनार, अमरूद, नारियल, सेब, षरीफा, नीबू, बेर से लेकर हल्दी, गन्ना और षकरकंद तथा गाजर-मूली जैसे जमीनी उपज को श्रद्धा के साथ अपने आराध्य देव को अर्पित करने की परंपरा में मनुष्यता का परमार्थी भाव छुपा हुआ है, जिसे बच्चा-बच्चा अपने बुजुर्गों से अपने आप सीख लेता है।

छठ व्रत एक सामाजिक समरसता का पर्व है, जिसमें गांव-नगर के अड़ोसी-पड़ोसी और दूर-दराज के रिष्तेदार सादर आमंत्रित किये जाते हैं। इतना ही नहीं, जो जहां से आता है, अपनी सहयोगी भावना का पूजन सामग्री फल-फूल, कपड़े, टोकरी, गन्ने और संभव हुआ तो अपने घर का देषी घी-गुड़ भी लेकर आता है। छठ पूजा के उपासक को व्रतोपवास के लिए प्रेरित करना ऐसा सामाजिक व्यवहार है जिससे रिष्तों की बागडोर मजबूत होती है। व्रती महिलाएं तो इतना सामाजिक होती हैं कि अपने निःसंतान पड़ोसी की संतान के लिए भी मन्नत लेकर उपवास-व्रत करती हैं और मनन्तें पूरी होने पर दोगुने उत्साह के साथ यह व्रत करती हैं। सामाजिक एकता का सबसे बड़ा उदाहरण तो तब दिखता है जब व्रती लोग अपनी जाति-पांति का भेद मिटाकर एक साथ पूजा करने जलाषयों में उतरते हैं। बांस की टोकरी और सूप बनाने वाले पारंपरिक कलाकार हों या मिट्टी के बर्तन बनाने वाले उपेक्षित ग्रामीण कुंभकार, सभी की कलाकारी और ऊर्जा का महत्व आज अपना मूल्यांकन कराने के लिए तैयार रहता है। किन्तु गौर तलब बात तो यह है कि यह मूल्यांकन बाजारू नहीं, सहयोगी होता है। बदले में किसी ने कुछ दिया तो ठीक, नहीं तो उपहार मानकर स्वीकार कर लेता है। किसी ने आज अपनी आटा चक्की को साफ करके बिना पिसाई लिये पूजा के गेहूं पीसना षुरू कर दिया तो किसी ने अपनी गाय-भैंस के दूध को खीर और अर्घ्य के लिए उपहार में दे दिया। छठ का प्रसाद लेने-देने के व्यवहार तो इतने सामाजिक हैं कि कुछ कहिए मत, किसी से भी मांगकर प्रसाद खाना सौभाग्य माना जाता है।

आज की रोजगारी दुनिया ने संयुक्त परिवार को बिखरने के लिए मजबूर कर दिया है। ऐसे में सूर्य उपासना का यह पर्व परिवार को जोड़ने का संकल्प लेकर आता है। रोजी-रोटी की तलाष में साल भर देष-परदेष में रहने वाले नवजवान को यह व्रत अपनी मां के हाथों का बना छठ प्रसाद खाने के लिए ऐसे मजबूर करता है कि वह अपना सबकुछ परदेष में ही छोड़कर भी घर आने के लिए तैयार हो जाता है। दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची और भाई-बहनों को एक साथ एक आंगन में जुटाने वाला यह लोकपर्व अपनी महत्ता के लिए वैष्विक बन चुका है।

विभागाध्यक्ष-हिंदी
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
संपर्क सूत्रः 9893863548

चाचा नेहरू की प्रेरक कहानियां



आज बाल दिवस विशेष

जवाहर लाल नेहरू को बच्चों से बड़ा लगाव था और बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहा करते थे। 14 नवंबर को नेहरू जी का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों के लिए हमने संजोई हैं चाचा नेहरू की प्रेरक कहानियां...।

बात उन दिनों की है जब पंडित जवाहरलाल नेहरू लखनऊ की सेंट्रल जेल में थे। लखनऊ सेंट्रल जेल में खाना तैयार होते ही मेज पर रख दिया जाता था। सभी सम्मिलित रूप से खाते थे। एक बार एक डायनिंग टेबल पर एक साथ सात आदमी खाने बैठे। तीन आदमी नेहरूजी की तरफ और चार आदमी दूसरी तरफ। एक पंक्ति में नेहरूजी थे और दूसरी में चंद्रसिंह गढ़वाली। खाना खाते समय शकर की जरूरत पड़ी। बर्तन कुछ दूर था चीनी का, चंद्रसिंह ने सोचा- आलस्य करना ठीक नहीं है, अपना ही हाथ जरा आगे बढ़ा दिया जाए। चंद्रसिंह ने हाथ बढ़ाकर बर्तन उठाना चाहा कि नेहरूजी ने अपने हाथ से रोक दिया और कहा- बोलो, जवाहरलाल शुगर पॉट (बर्तन) दो। वे मारे गुस्से के तमतमा उठे। फिर तुरंत ठंडे भी हो गए और समझाने लगे- हर काम के साथ शिष्टाचार आवश्यक है। भोजन की मेज का भी अपना एक सभ्य तरीका है, एक शिष्टाचार है।

यदि कोई चीज सामने से दूर हो तो पास वाले को कहना चाहिए- कृपया इसे देने का कष्ट करें। शिष्टाचार के मामले में नेहरूजी ने कई लोगों को नसीहत प्रदान की थी। चाचा नेहरू की विनोदप्रियता : एक बार एक बच्चे ने ऑटोग्राफ पुस्तिका नेहरूजी के सामने रखते हुए कहा- साइन कर दीजिए।

बच्चे ने ऑटोग्राफ देखे, देखकर नेहरूजी से कहा- आपने तारीख तो लिखी ही नहीं! बच्चे की इस बात पर नेहरूजी ने उर्दू अंकों में तारीख डाल दी! बच्चे ने इसे देख कहा- यह तो उर्दू में है।

नेहरूजी ने कहा- भाई तुमने साइन अंगरेजी शब्द कहा- मैंने अंगरेजी में साइन कर दी, फिर तुमने तारीख उर्दू शब्द का प्रयोग किया, मैंने तारीख उर्दू में लिख दी। यह था नेहरूजी का बच्चों के प्रति विनोदप्रियता का लहजा। नेहरूजी इंग्लैंड के हैरो स्कूल में पढ़ाई करते थे। एक दिन सुबह अपने जूतों पर पॉलिश कर रहे थे तब अचानक उनके पिता पं. मोतीलाल नेहरू वहां जा पहुंचे।

जवाहरलाल को जूतों पर पॉलिश करते देख उन्हें अच्छा नहीं लगा। उन्होंने तत्काल नेहरूजी से कहा- क्या यह काम तुम नौकरों से नहीं करा सकते। जवाहरलाल ने उत्तर दिया- जो काम मैं खुद कर सकता हूं, उसे नौकरों से क्यों कराऊं? नेहरूजी का मानना था कि इन छोटे-छोटे कामों से ही व्यक्ति आत्मनिर्भर होता है।

कविता

झन भुलव मां बाप ल

पाल पोस के बढ़का करथे, वोहर अपन औलाद।
एक दिन संहारा बनही कहिके, मजबूत बनाथे फौलाद।
बनि भुति कमा के करथे, जम्मो उकर आस ल।
उही बेटा नई पुछत हे, बुढ़ापा में मां बाप ल।
झन भुलव रे, झन भुलव, अपन सियान मां बाप ल।।
कोन ल संगी ईहा, जीवन भर रहेना हे।
ये तन तो संगवारी, माटी के गहेना हे।
दाई ददा काहत हावे, मोर बेटा हीरा हे।
उही बेटा देत हावे, बुढ़ापा म अईसन पीरा हे।
तोला सुख छईहां म राखिस, अपन सहिस दुख ताप ल,
झन भुलव रे, झन भुलव, बुढ़ापा में मां बाप ल।।
अन्त समय के सहारा अऊ बनही हमर लाड़ी।
नाम रोशन करही कहिके, पीटत हावे छाती।
पर कहु भेजाथे वृद्धाआश्रम, कहु देखाथे आंखी।
कहां जावन कोन ल बतावन, टुटगे हमर पांखी।
कलजुगी बेटा घलो भुलागे, पूजा पाठ अऊ जाप ल,
झन भुलव रे, झन भुलव, बुढ़ापा में मां बाप ल।।
माता पिता अऊ गुरू ले बढ़के, न कहु भगवान नहीं।
जो ईकर उपकार ल भुलय,
वो पथरा हरे ईसान नहीं।



आनंदराम सार्वा अनंत
कु.बो.भाठागांव

मोबाइल हटाओ तो खाना छोड़ देते हैं बच्चे? पेरेंट्स इस आदत को बदलने के लिए एक बार जरूर आजमाएं

एक समय था जब बच्चों को दादा-दादी की कहानी सुनने में बड़ा मजा आता था और आज हाल यह है कि फोन की स्क्रीन देखे बिना उनका मनोरंजन ही अधूरा है। आजकल कई बच्चे बिना फोन देखे खाना ही नहीं खा रहे हैं, ऐसे में पेरेंट्स के सामने यह बड़ी चिंता है कि कैसे उनकी यह बुरी आदत से पीछा छुड़ाया जाए। आइए आपको ऐसे कुछ टिप्स बताते हैं जिन्हें फॉलो करके आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

कहानी सुनाने का सिलसिला फिर से शुरू करें

जिस तरह पहले के समय में दादी-नानी की कहानियां सुनकर हम बड़े हुए, उस सिलसिले को फिर से शुरू करें। इस बात का ध्यान रखें कि बच्चों को उनके जमाने की रोचक कहानी सुनाएं, जिससे सारा फोकस धीरे-धीरे करके फोन की स्क्रीन से हटकर स्टोरीज सुनने पर आ जाए। यह तरीका सबसे आसान और असरदार साबित हो सकता है।



परिवार के साथ बैठकर खाएं

बच्चों का अकेले खाना स्क्रीन देखने की सबसे बड़ी वजह है, इससे बचने के लिए आप परिवार के साथ खाने की आदत डालें। इस दौरान आपस में बातचीत और हंसी-मजाक उन्हें फोन की याद ही नहीं आने देंगे।

खुद भी फोन इस्तेमाल न करें

बच्चे बड़ों का अनुसरण करते हैं और हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते। अगर पेरेंट्स ज्यादातर समय फोन में बिताते हैं, तो बच्चा भी उनकी इसी आदत को दोहराएगा। इसके लिए पूरे परिवार का एक नियम बना दें कि खाने के वक्त कोई फोन नहीं इस्तेमाल करेगा।

बच्चे का सबसे पसंदीदा खिलौना या कोई नया रंग-बिरंगा खिलौना जो उन्हें पसंद हो, उनके सामने रख दें। टॉय को रखकर ऐसा महसूस कराएं कि वह भी बच्चे के साथ बराबर खाना खा रहा है।

खाने को अट्रैक्टिव बनाएं

रोटियां बनाते समय उन्हें अलग-अलग आकार दें, कभी स्माइली, कभी स्टार, कभी टेडी बेयर। इसके अलावा, रंग-बिरंगी सब्जियां और फल काटकर उसे थाली में इस तरह सजाएं कि वो आकर्षक लगे।

तेज भूख लगने दें

बच्चा अगर भूखा नहीं होगा, तो खाने में सबसे ज्यादा आनाकानी करता है। इस बात का ध्यान रखें कि डिनर या लंच से पहले उसने बाहर का कोई पैकेट फूड न खाया हो, ताकि तेज भूख में खाने के आगे उसे कुछ दिखाई न दे।

संत गजाली

ज्ञानामृत

सूफी संत गजाली कहता है जब मैंने विभिन्न धर्माचार्य का उच्च पद त्याग दिया और प्रकार के कर्मों पर ध्यान दिया तो मालूम हुआ कि सबसे बढ़िया कर्म है विद्या दान और अध्यापन, लेकिन कुछ ही दिनों में समझ में आ गया कि मैं कुछ ऐसी विद्याओं को पढ़ा रहा हूं जो मोक्ष की दृष्टि से सार-रहित हैं। जब मैंने यह विचार किया कि दूसरों को किसलिए उपदेश देता हूं तो जाना कि दरअसल ईश्वरीय कर्म करने के बजाय मैं अब तक नामवरी और वाह-वाही की निरर्थक कामना से प्रेरित था।

एक ओर सांसारिक तृष्णा मुझे झमेले में डालना चाहती थी, दूसरी ओर धर्म की ध्वनि मेरे कानों में कह रही थी- 'उठो ! तुम्हारे जीवन का अंत निकट आ रहा है और तुम्हें अभी लंबी यात्रा करनी है। तुम्हारे कल्पित दान का अहंकार मिथ्या है। अगर तुम आज बंधन काटना नहीं चाहते तो कब काटोगे?' गजाली के मन पर इन विचारों का ऐसा प्रभाव पड़ा कि उसने सीरिया चला गया। वहां उसने दो वर्ष तक आत्मिक ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न किया, लेकिन यह प्रयास भी निष्फल हुआ। अंत में उसने सूफियों का आश्रय लिया। जिस समय गजाली मरने लगा, उसने अपना कफन मंगवाया, उसको दोनों हाथों में लेकर चूमा, अपनी आंखों से लगाया और अंत में अपने पैर फैलाकर लेटा रहा।

अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में गजाली लिखता है- 'सूफियों के जीवन से अधिक सुंदर और उनके आचार से अधिक पवित्र कोई वस्तु नहीं है। सूफियों की जिंदगी सत् चित् और आनंद की खोज में बीतती है। वे इस सिद्धांत में अटल विश्वास रखते हैं कि 'यहां भी तू वहां भी तू, जमीं तेरी फलक तेरा।' मीरा के समान सूफी संत राबिया कहती थी- 'ईश्वर के प्रति भक्ति मुझे शैतान के प्रति घृणा करने का अवकाश नहीं देती।'

लघुकथा - रामकथा

जमीन से सम्बंधित मुकदमे की सुनवाई हुई। बड़े भाई राधे लाल की जीत हुई। बेचारा छोटा भाई मनसुख लाल हार गया।

राधे लाल ने जीत की खुशी में अपने घर पर श्री रामकथा का आयोजन किया। कथा खलिहान में सात दिनों के लिए आयोजित थी। राधे लाल सपत्नीक यजमान था। परिवार के अन्य सदस्य भी कथा श्रवण में मग्न थे। मनसुख लाल भी सपरिवार अन्य श्रोताओं के साथ कथा सुन रहा था।

पाँचवे दिन कथावाचक ने राम-भरत अनुराग का मार्मिक प्रसंग सुनाया। राम और भरत का भ्रातृ-प्रेम समस्त श्रोतागण के हृदय को छू गया। कथा समाप्ति के उपरान्त राधेलाल मनसुख लाल के पास आया। द्रवित होते हुए बोला- ''भाई! अपने हिस्से की जमीन ही नहीं; तू मेरे हिस्से की भी जमीन रख ले, पर मुझे माफ कर दे।'' दोनों भाईयों के गले रुंध गये।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

राशिफल

मेष मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई-बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आज वह दूर होगी। आज आपके व्यापार में बढ़ोतरी होगी। टारगेट हासिल करने में आपको किसी करीबी की मदद मिलेगी। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाएंगे, जहां आप कोई मन की बात भी शेयर कर सकते हैं। आपको मानसिक शांति मिलेगी। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

वृष राशि वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे। ट्रांसफर के लिए प्रयासरत लोगों को पसंदीदा जगह ट्रांसफर की खुशखबरी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपका मन लगेगा।

मिथुन मिथुन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज जिस जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे, उसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे, जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक-दूसरे को अच्छे से समझेंगे। आज अपने निर्णय में परिवार वालों की सलाह लेंगे। आज अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान जरूर देना होगा।

कर्क कर्क राशि वालों आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में किए गए काम में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएँ बनी रहेंगी। आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा।

सिंह सिंह राशि वालों आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रुचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग है। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आप जीवनसाथी के साथ परिवार की भलाई के लिए कार्य करते हुए नजर आएंगे और सदस्यों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। आज आपकी आस्था और विश्वास बरकरार रहेगा।

कन्या कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर लें। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करेंगे। इस दौरान आप अपनी सेहत का ध्यान रखें। जॉब चेंज करने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे। आप पारिवारिक मामलों में सोच-समझकर कोई निर्णय लें।

तुला तुला राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। आज कोई महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे।

वृश्चिक वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसल्टेंट टीम से बातचीत करेंगे। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच में और ज्यादा प्रेम बढ़ेगा।

धनु धनु राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना बेहतर रहेगा। बड़े-बुजुर्गों के पैर छूएं, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं, उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

मकर मकर राशि वालों आज अकारण शुरू हुई समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको नन्हिहल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाकर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

कुंभ कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घबराले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। किसी से लिया ऋण आज वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियां कम होंगी, आपका मन हल्का होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन मीन राशि वालों आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज खत्म हो जाएगी। आज आपको बाहर के खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए। आज आपके कारोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत हैं। आप अपने भाई-बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

प्यार की मिसाल



अजमेरः वार्षिक पुष्कर मेले के दौरान अपने चालक को चूमता ऊंट।

धान खरीदी से पहले ही घुमका समिति में गहराया संकट, कर्मचारियों ने फड़ प्रभारी बनने से किया इनकार

9 महीने से वेतन बकाया और बैंक खाता फ्रीज होने से कर्मचारियों में आक्रोश; अधिकारियों के साथ हुई बैठक बेनतीजा, केंद्र में फैली गंदगी से किसानों की बढ़ी चिंता

घुमका (दावा)। प्रदेश में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू होने जा रहा है, लेकिन ठीक उससे पहले जिले की घुमका स्थित कृषक सेवा सहकारी समिति में प्रशासनिक अमले और कर्मचारियों के बीच भारी गतिरोध उत्पन्न हो गया है। पिछले 9 महीनों से वेतन नहीं मिलने और संस्था का बैंक खाता फ्रीज होने से नाराज समिति के कर्मचारियों ने आगामी धान खरीदी की जिम्मेदारी लेने से साफ हाथ खड़े कर दिए हैं।

समझाइश के लिए पहुंचे अफसर, पर नहीं बनी बात

15 नवंबर से धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से शुरू करने के लिए गुरुवार को एसडीएम गौतम पाटिल, तहसीलदार श्री नाग, सहकारिता विस्तार अधिकारी और प्राधिकृत अधिकारी अभय कापरे ने घुमका समिति कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों का मुख्य उद्देश्य फड़ प्रभारी, ऑपरेटर और अन्य व्यवस्थाओं के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी तय करना था। हालांकि, बैठक के दौरान ऑपरेटर ढालेश्वर वर्मा और अन्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों पर अड़े रहते हुए स्पष्ट कर दिया कि जब तक रुका हुआ वेतन नहीं मिलता और बैंक खाते का संचालन शुरू नहीं होता, तब तक वे किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं संभालेंगे।



बैंक खाता फ्रीज होने से ठप पड़ा कामकाज, मजदूरों का भुगतान भी अटका

कर्मचारियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी आर्थिक पीड़ा रखते हुए बताया कि घुमका समिति में कार्यरत कर्मचारियों को पिछले 9 माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। ऊपर से संस्था का सेविंग बैंक खाता फ्रीज कर दिए जाने के कारण सभी वित्तीय लेन-देन पूरी तरह ठप पड़े हैं। समिति के पास खरीदी व्यवस्था शुरू करने के लिए एक रुपया भी उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, पिछले सीजन के चौकीदारों व मजदूरों का मेहनताना तथा हाल ही में हुई चना खरीदी में लगे मजदूरों का भुगतान भी अटका हुआ है।

तालाबंदी की चेतावनी, प्रबंधक ने भी खड़े किए हाथ

समिति प्रबंधक पतिराम वर्मा ने बताया कि संस्था की इन गंभीर समस्याओं से उच्च अधिकारियों को पहले ही अवगत कराया जा चुका है। पिछले महीने भी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर संस्था में 10 दिनों तक ताला जड़ दिया था, जिसे अधिकारियों के आश्वासन के बाद खोला गया था। अब तक समस्या का समाधान नहीं होने के कारण प्रबंधक सहित सभी कर्मचारियों ने फड़ प्रभारी का जिम्मा उठाने से इनकार कर दिया है।

केंद्र में झाड़ियां और पानी जमा, किसान परेशान

दूसरी ओर, खरीदी शुरू होने में महज दो दिन शेष रह गए हैं, लेकिन घुमका धान खरीदी केंद्र की हालत बेहद खराब है। परिसर में साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। केंद्र के चारों ओर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं और परिसर में पानी व कचरा जमा है। किसानों ने चिंता जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि खरीदी शुरू होने से पहले केंद्र की तत्काल सफाई, तिरपाल और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश या नमी से उनका अनाज खराब न हो।

अधिकारियों का पक्ष

'धान खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। हम व्यवस्था को सुचारू बनाने में जुटे हुए हैं।''
-अभय कापरे, प्राधिकृत अधिकारी

'15 नवंबर से निर्धारित समय पर धान खरीदी शुरू कर ली जाएगी।''
- तंजय नाग, तहसीलदार

पहला कॉलम...

कृषक उन्नति योजना के नए दिशा-निर्देश जारी, किसानों को प्रति एकड़ मिलेगी रु. 13,839 की सहायता राशि

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक विजेंद्र सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री का जताया आभार

डोंगरगढ़ (दावा)। राज्य के अन्नदाताओं के आर्थिक सशक्तीकरण और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 से कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय पर छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री का आभार जताया है।



छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के प्रकल्प के प्रदेश संयोजक विजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, महामंत्री राकेश तिवारी, महामंत्री ओमप्रकाश देवांगन सहित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सरकार के इस किसान-हितैषी फैसले का स्वागत किया है। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों में भारी उत्साह का वातावरण है।

प्रति एकड़ बंपर सहायता राशि- खरीफ 2026-27 में मार्कफेड और बीज निगम के माध्यम से धान या धान बीज बेचने वाले पंजीकृत किसानों को प्रति एकड़ ?13,839 की आदान सहायता राशि सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से भेजी जाएगी।

सहायता राशि का पारदर्शी गणित- यह राशि न्यूनतम समर्थन मूल्य रु. 2,441 प्रति क्विंटल) और योजना के तहत निर्धारित अधिकतम सीमा (रु. 3,100) के अंतर (रु. 659) तथा प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल उपार्जन मात्रा के आधार पर तय की गई है।

कम उपार्जन पर भी पूरा लाभ- यदि कोई किसान निर्धारित 21 क्विंटल प्रति एकड़ से कम मात्रा में भी धान बेचता है, तब भी उसे उसके बोए गए रकबे के अनुपात में पूरी प्रति एकड़ आदान सहायता राशि (?13,839 प्रति एकड़) का लाभ मिलेगा।

डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था- वास्तविक किसानों तक समय पर लाभ पहुँचाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन और डिजिटल क्रॉप सर्वे सत्यापन को अनिवार्य बनाया गया है।

जिले के पदाधिकारियों ने जताया आभार

विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यह योजना किसानों की खेती की लागत को कम करने के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों में निवेश और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करेगी। इस ऐतिहासिक कदम के लिए राजनांदगांव भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दादूराम सोनकर, महामंत्री घासी साहू, मनीष सोनी, रमेश सोनवानी, पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री वीरेंद्र सोनी, जिला मंत्री जैन कुमार मेश्राम, डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष सुमित्रा सोनी, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, विनय बंसल एवं अमित बोस सहित समस्त किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री और कृषि विभाग के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

औषधीय एवं वनस्पतिक पौधों के महत्व पर अतिथि व्याख्यान आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 3 नवम्बर को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राकेश्वर वर्मा, सहायक प्राध्यापक, शासकीय डी.वी.जे. महाविद्यालय, राजनांदगांव उपस्थित रहे।

व्याख्यान के दौरान डॉ. वर्मा ने अपने शोध कार्यों के अनुभव साझा करते हुए छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले विभिन्न औषधीय एवं वनस्पतिक पौधों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध प्रदेश है। यहां अनेक ऐसे वनस्पतिक पौधे उपलब्ध हैं, जिनमें औषधीय गुण पाए जाते हैं तथा जिनका उपयोग प्राचीन काल से विभिन्न रोगों के उपचार एवं स्वास्थ्य संरक्षण के लिए किया जाता रहा है।

उन्होंने औषधीय पौधों में पाए जाने वाले रासायनिक घटकों, उनके पारंपरिक उपयोग एवं मानव स्वास्थ्य में उनकी उपयोगिता पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को स्थानीय वनस्पतिक संपदा के वैज्ञानिक अध्ययन, औषधीय पौधों के संरक्षण तथा उनके औषधीय गुणों पर शोध एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित किया।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाएं एवं प्रश्न प्रस्तुत किए, जिनका डॉ. वर्मा ने सरल एवं विस्तृत ढंग से समाधान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझने का अवसर मिला।

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत कल्लूबंजारी मंडल में जन चौपाल आयोजित

छुरिया (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज व जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देशानुसार देशभर में चलाए जा रहे 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के कल्लूबंजारी मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा जनचौपाल का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को लोकतंत्र, मतदान के अधिकार और निष्पक्ष चुनाव की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत ब्लॉक के सभी मंडलों में जन चौपाल आयोजित कर लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी जा रही है।

जन चौपाल में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार एवं चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर कीं। इस दौरान मतदाता सूची में पारदर्शिता, मतदाताओं के नामों का सही पंजीयन, सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया तथा चुनाव व्यवस्था की निष्पक्षता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्रीमति छन्नी साहू ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का वोट है। प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से मतदान करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। मतदाता सूची से किसी भी व्यक्ति का नाम बिना उचित जानकारी या प्रक्रिया के हटाना गंभीर विषय है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा करे और जनता के सवालों का पारदर्शी तरीके से जवाब दे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मतदाता अधिकारों और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से उठा रहे हैं।

लोगों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

कांग्रेस का यह अभियान किसी के प्रति दुर्भावना से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता का विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने नागरिकों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम जांचें तथा किसी भी त्रुटि की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जब तक वोट सुरक्षित रहेगा, तभी तक जनता की आवाज भी सुरक्षित रहेगी।

जनचौपाल में प्रमुख रूप से श्रीमति छन्नी साहू पूर्व विधायक, प्रकाश शर्मा जिला कांग्रेस प्रवक्ता, चुम्मन साहू जिला कांग्रेस प्रवक्ता, राजू सिंह सिन्हा जिला कांग्रेस महामंत्री, ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, कन्हैया कोले जिला कांग्रेस सचिव, भीखम देवांगन, राजू राजपुत, रामायण साहू धीरेंद्र महाराज, साहब दास साहू, जनक चंद्रवंशी, कुलदीप साहू, रोहित वर्मा, किशन साहू, दिनेश मांडवी, मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा, राजू पटेल, राकेश यादव, गणेश साहू, जितेंद्र पटेल मुकेश साहू कुंवर सिंह वीरेंद्र मांडवी चुन्नाराम ठेके, हरिराम ठाकुर सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रणजीत सिंह चंदेल बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को मिली नई संगठनात्मक जिम्मेदारी

एआईसीसी ने जारी की छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्षों की सूची, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार ने तत्काल प्रभाव से की नियुक्ति; पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष के नाम पर समर्थकों में उत्साह



गंडई-पंडरिया (दावा)। कांग्रेस संगठन में लंबे समय से सक्रिय एवं पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े रहे रणजीत सिंह चंदेल को बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी मिली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ढ्ढष्ट्ठ) के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने उन्हें खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार द्वारा 6 नवंबर 2026 को जारी नियुक्ति आदेश में उनके नाम की घोषणा की गई है। नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है।

कई महत्वपूर्ण पदों पर दे चुके हैं सेवाएं

रणजीत सिंह चंदेल का राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय योगदान रहा है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (हस्द्ब) से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करते हुए युवा कांग्रेस के ब्लॉक, जिला, लोकसभा एवं प्रदेश स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। इसके अलावा वे प्रदेश किसान कांग्रेस से भी जुड़े रहे हैं।

पंचायती राज व्यवस्था में भी उनका अनुभव रहा है। वे पंच, उपसरपंच, सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके साथ ही सेवा सहकारी समिति एवं विपणन संघ में भी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी निभा चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, किसानों के हितों और स्थानीय स्वशासन से जुड़े विषयों पर उनकी सक्रियता उनकी राजनीतिक पहचान रही है।

जिले में संगठन को मजबूत करने की होगी जिम्मेदारी

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का मुख्य उद्देश्य पंचायतों को सशक्त बनाना, ग्रामीण लोकतंत्र को मजबूत करना तथा पंचायती राज संस्थाओं में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को प्रभावी बनाना है। ऐसे में रणजीत सिंह चंदेल के सामने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करने, पंचायत प्रतिनिधियों को जोड़ने और जमीनी स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की चुनौती होगी। उनकी नियुक्ति की खबर सामने आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इसे जिले के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक उपलब्धि बताया है। रणजीत सिंह चंदेल को मिली इस नई जिम्मेदारी से जिले में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

15 क्विंटल धान बेचने पर भी किसानों को मिलेगी रु. 13,839 की पूरी सहायता राशि

कृषक उन्नति योजना के तहत भाजपा सरकार का किसानों के हित में बड़ा फैसला



मोहला (दावा)। कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026-27 में किसानों को बड़ी राहत दी गई है। योजना के अनुसार पात्र किसानों को धान के सत्यापित बोए गए रकबे के आधार पर प्रति एकड़ रू.13,839 की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। खास बात यह है कि एक एकड़ में निर्धारित 21 क्विंटल धान बेचने की सीमा के स्थान पर यदि किसान केवल 15 क्विंटल धान का विक्रय करता है, तब भी वह पूरी रू.13,839 की सहायता राशि पाने का पात्र होगा। इस निर्णय से कम धान विक्रय करने वाले किसानों को भी लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार के इस फैसले को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष अरूण यादव व विनीत शर्मा जिला भाजपा प्रवक्ता किसान मोर्चा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिये आभार व्यक्त किया है

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

डोंगरगढ़ पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम रामाटोला में एक महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75 और 331(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने बताया कि प्रार्थिया ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 नवंबर की दोपहर करीब 1ः00 बजे वह अपने घर के सामने स्थित कमरे में सो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला आरोपी मनोज देवांगन पिता भागचंद देवांगन (44 वर्ष) निवासी ग्राम रामाटोला घर के भीतर घुस आया। आरोपी ने महिला की चादर खींचकर उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील हरकत व छेड़छाड़ करने लगा।

महिला ने साहस दिखाते हुए विरोध किया और आरोपी को थप्पड़ मारकर शोर मचाया। आवाज सुनकर अंदर के कमरे में सो रहा महिला के जेठ का लड़का लुकेश मंडावी मौके पर पहुंचा, जिसे देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 670/2026 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख और पुलिस टीम ने आरोपी की पतासाजी की। पुलिस ने आरोपी मनोज देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जोरातराई में नवनिर्मित मंच-सह शेड का लोकार्पण



शीला टाकेश सिन्हा ने किया उद्घाटन, रंगारंग डांस कार्यक्रम ने बांधा समां

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम जोरातराई में ग्रामीणों की सुविधा और सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवनिर्मित मंच-सह-शेड का गरिमामय समारोह में लोकार्पण किया गया। जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने फीता काटकर नवनिर्मित मंच का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात इसी मंच पर रंगारंग रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित ग्रामीणों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत राजनांदगांव की उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता डिगेन्द्र सिन्हा ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सभापति साकेत वैष्णव, भाजपा तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर, भाजपा घुमका मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेश यादव तथा तिलई मंडल महामंत्री राकेश साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने नवनिर्मित मंच-सह-शेड को ग्रामवासियों के लिए उपयोगी सौगात बताते हुए कहा कि गांव में इस प्रकार के निर्माण कार्य होने से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को बेहतर स्थान उपलब्ध होता है। गांव में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों और सार्वजनिक आयोजनों के लिए यह मंच महत्वपूर्ण साबित होगा। ऐसे विकास कार्यों से ग्रामीणों को सुविधाएं मिलती हैं और गांव में सामूहिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलता है।

पदुमतरा में दीपावली मिलन समारोह एवं परिवार संस्कार कार्यशाला आयोजित

उपरवाह (दावा)। परिक्षेत्रीय साहू समाज कर्मा भवन पदुमतरा में दीपावली मिलन समारोह एवं परिवार संस्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष नोबल साहू ने कहा कि सम्बद्धता कार्ड साहू समाज का आधार कार्ड है, इसका हर परिवार में होना आवश्यक है। महामंत्री नीलमणि साहू ने सामाजिक नियमावली के अंतर्गत मृत्यु भोज में पक्का कलेवा बंद कर सादा भोजन देने की बात कही।



राजनांदगांव तहसील अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने सामाजिक समरसता के साथ समाज को नई दिशा देने की बात कही। न्याय प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. महेश साहू ने गोधूलि बेला में शादी करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने चलित डीजे पर प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया। महामंत्री अनिल साहू ने परिक्षेत्र पदुमतरा के समस्त ग्रामीण अध्यक्षों को और अधिक जिम्मेदारी से कार्य करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला सचिव परदेशी राम साहू ने किया। अतिथियों का आभार परिक्षेत्र पदुमतरा अध्यक्ष एवन लाल साहू ने किया। इस अवसर पर पदुमतरा परिक्षेत्र अध्यक्ष एवन लाल साहू,उपाध्यक्ष सेवक राम साहू, शारदा साहू, संगठन सचिव ओमकार साहू, कुमारी बाई साहू ,सचिव दुर्गा साहू, कालू राम साहू, रिखी राम साहू, गिरीश साहू,प्रकाश साहू, बिशन साहू, संतोष साहू, दुखित साहू, आत्मा राम, प्रेमलाल, नारद राम, गिरवर, देवानंद, होरी लाल, तिलक राम, चुम्मन, दिरबल , किशन,सेवन लाल, मुरारी, शिवप्रसाद, राजू लाल, शैलेंद्र, जमुना लाल,धनेश साहू आदि मौजूद रहे।

पहला कॉलम...

शेयर बाजार : सेंसेक्स 319 अंक लुढ़का; 5 शेयरों ने निवेशकों को दिया बड़ा झटका

नई दिल्ली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली का दबाव देखने को मिला। सुबह कमजोर शुरुआत के बाद पूरे दिन बाजार लाल निशान में ही कारोबार करता रहा और अंत में गिरावट के साथ बंद हुआ। मुनाफावसूली और कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते निवेशक सतर्क नजर आए। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स करीब 319 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,150 के अहम स्तर के नीचे फिसलकर बंद हुआ। रियल्टी, ऑटो और सीमेंट सेक्टर के शेयरों में आई भारी गिरावट ने बाजार की धारणा को सबसे ज्यादा प्रभावित किया।

बाजार बंद होने पर सेंसेक्स 318.56 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूटकर 81,592.45 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 155.05 अंक या 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,144.30 के स्तर पर आ गया। मार्केट ब्रेथ की बात करें तो आज विक्रेताओं का पलड़ा भारी रहा। कुल 1,763 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि 2,328 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए और 167 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसके अलावा निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में भी 0.2त्न की मामूली गिरावट दर्ज की गई।

बेकाबू ट्रक ने गाड़ियों को मारी टक्कर, हादसे में 14 की मौत

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात में एक ट्रक बेकाबू होकर सड़क पर कई गाड़ियों से टकरा गया। यूएई के गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और करीब 30 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना फुजैराह अमीरात के एंट्री गेट के पास एक सड़क पर हुई। ये भी बताया गया है कि मृतकों में कई भारतीय भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के एक स्टेटमेंट के मुताबिक, सड़क पर जा रहे एक ट्रक ड्राइवर ने गाड़ी पर कंट्रोल खो दिया था, जिससे उसका ट्रक एक दूसरे वाहन से टकरा गया। इसके बाद ट्रक पलट गया और सड़क पर ट्रैफिक जाम के कारण रुकी हुई कई अन्य गाड़ियों से जा टकराया। यह घटना आधी रात के आसपास हुई है। ये भी कहा गया कि इस टक्कर की वजह से हादसे के दौरान ट्रक में आग लग गई और यह आग कई अन्य वाहनों तक फैल गई, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ। पुलिस, एम्बुलेंस और सिविल डिफेंस की टीमों समेत इमरजेंसी सर्विस तुरंत मौके पर पहुंचीं। घायलों में से आधे लोगों को इलाज के बाद हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई, जबकि बाकी लोगों का इलाज अभी भी चल रहा है। दुबई के गृह मंत्रालय के मुताबिक, मारे गए लोगों की पहचान करने के लिए ष्ठ्नड्ड टेस्ट किए गए हैं। वहीं, दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने जानकारी दी कि मृतकों में कई भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वाणिज्य दूतावास ने शोक संतप्त परिवारों से बात की। भारतीय वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद व सहयोग देने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

पाकिस्तान के मिलिट्री कैंप पर फिदायीन हमला, 18 जवानों को मार गिराने का दावा

नई दिल्ली। पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना के एक कैंप पर फिदायीन हमले का मामला सामने आया है. बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने 12 नवंबर को मस्तुंग के कंदावा/कानक इलाके में पाकिस्तानी सैन्य कैंप पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है. संगठन ने दावा किया है कि इस हमले में पाकिस्तानी सेना के 18 से ज्यादा जवान मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं. हालांकि, हताहतों की संख्या की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है. बीएलए के बयान के मुताबिक, उसकी मजीद ब्रिगेड ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी के जरिए आत्मघाती हमला किया. संगठन का दावा है कि इस धमाके में सैन्य कैंप और आसपास की सुरक्षा चौकियां तबाह हो गईं. इसके बाद उसके फतेह स्क्वॉड के लड़ाके कैंप के अंदर दाखिल हुए और धमाके में बच गए सैन्यकर्मियों को निशाना बनाया. संगठन ने पास की एक अन्य सुरक्षा चौकी पर भी हमला करने का दावा किया है.

ओला कैब्स पर 10 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। ओला कैब्स की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड पर ग्राहकों को गुमराह करने के मामले में 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. यह कार्रवाई केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने की है. कंपनी पर आरोप है कि उसका ऐप ग्राहकों को जल्दी राइड मिलने की उम्मीद में ड्राइवर को एक्स्ट्रा पैसे यानी टिप देने के लिए मोटिवेट करता था. प्राधिकरण ने इसे नियमों का उल्लंघन माना है और कंपनी को ऐसे सभी मैसेज और फीचर हटाने के निर्देश दिए हैं. यह मामला मई 2025 में मिली एक शिकायत के बाद सामने आया था. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ओला का ऐप ग्राहकों को पहले से टिप देने के लिए उकसाता है. ऐप पर एक मैसेज दिखाई देता था, जिसमें लिखा होता था, टिप देने से राइड जल्दी मिलने की संभावना बढ़ सकती है।

टीम इंडिया की न्यूजीलैंड से शर्मनाक हार, पूरी टीम 89 रन पर आउट



नई दिल्ली। भारतीय टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज का चौथा मुकाबला 244 रनों से हार गई है। न्यूजीलैंड की ये सीरीज में पहली जीत है। हालांकि अभी भी टीम इंडिया की 2-1 की लीड बनी हुई है।

न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को हराकर पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच अपने नाम करने में कामयाबी हासिल कर ली है। न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 333 रन बनाए थे। भारत को जीत के लिए 334 रनों का बड़ा लक्ष्य चाहिए था, लेकिन पूरी टीम केवल 26.4 ओवर में 89 रन बनाकर ही आउट हो गई। टीम इंडिया इस मैच को 244 रन से हार गई है। इस मैच का पूरा स्कोर आप यहां नीचे देख सकते हैं।

भारतीय जब 333 रनों का पीछा करने के लिए उतरी तो पहले ही ओवर में उसकी हार करीब करीब तय हो गई थी। पहले ओवर की पहली बॉल पर रोहित शर्मा शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद उसी ओवर की पांचवीं बॉल विराट कोहली शून्य पर आउट होकर वापस चले गए। ओवर की आखिरी यानी छठी बॉल पर कप्तान श्रेयस अय्यर भी गोल्डन डक का शिकार हो गए। तीनों विकेट मैट हेनरी ने अपने नाम किए। भारतीय टीम का खाता भी नहीं खुला था और तीन विकेट गिर चुके थे, उसके बाद जीत की उम्मीद करना एक तरह से बेमानी था। आखिरकार किसी तरह टीम 89 के स्कोर तक पहुंच पाई।

भारत की बल्लेबाजी का हाल ऐसा था कि केवल तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर पाए। इसमें ईशान किशन ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 53 बॉल पर 27 रनों की पारी खेली। अक्षर पटेल ने 36 बॉल पर 21 रन और नमन धीर ने 24 बॉल पर 21 रन बनाए। इसके अलावा और कोई बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाया।

मैट हेनरी ने पहले ही ओवर में तीन विकेट लेकर टीम इंडिया की कमर तोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने तीन और विकेट चटकाए। उन्होंने 9.4 ओवर में 27 रन देकर छह विकेट हासिल करने में कामयाबी हासिल की। इस दौरान दो ओवर मेडन भी रहे। मैथ्यू फिशर ने तीन और काइल जेमिसन को एक विकेट मिला।

न्यूजीलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज विल यंग ने जबरदस्त पारी खेली। उन्होंने 108 बॉल पर 125 रन बनाए।

श्रेयस अय्यर के नाम हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड, वनडे कप्तानी डेब्यू में ही गोल्डन डक



श्रेयस अय्यर के लिए टी20 इंटरनेशनल में कप्तानी का डेब्यू खराब रहा था। लेकिन वनडे में तो उससे भी खराब रहा। आपको याद होगा कि टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम श्रेयस की कप्तानी में आयरलैंड जैसी कमजोर मानी जाने वाली टीम से हार गई थी। शुभमन गिल की गैरहाजिरी में श्रेयस पहली बार वनडे में भारत की कप्तानी का मौका मिला। इसमें वे अपना खाता तक नहीं खोल पाए। वे भारत के ऐसे पहले कप्तान बन गए हैं, जो वनडे में कप्तानी का डेब्यू करते हुए शून्य पर आउट हुए हैं। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था, सभी कप्तानों ने कम से कम अपना खाता तो खोला ही है।

भारत बनाम न्यूजीलैंड चौथा टेस्ट भारतीय टीम को ऐसा घाव दे गया, जिसे आने वाले कई साल तक भूला नहीं जा सकेगा। रह रह कर इस मैच की याद आएगी। खास तौर पर श्रेयस अय्यर तो शायद जीवन भर ये मैच याद रहेगा। आखिर उनका वनडे कप्तान में डेब्यू जो हुआ है। पहली बार कोई भारतीय वनडे कप्तानी डेब्यू में शून्य पर आउट हुआ है। खास बात ये है कि वे पहली ही बॉल पर आउट हुए, यानी इसे गोल्डन डक कहा जाएगा। इससे पहले किसी भारतीय खिलाड़ी का वनडे में कप्तानी में डेब्यू करते हुए सबसे छोटा स्कोर दो रन का था। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने जब अपनी कप्तानी में पहला वनडे मैच खेला था, तब वे दो दो रन बनाकर आउट हो गए थे।

गेंदबाजों का बचाव, बल्लेबाजों पर भड़के गौतम गंभीर



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 333 रन बनाए और भारत के सामने जीत के लिए 334 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम महज 89 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस तरह न्यूजीलैंड ने मुकाबला 244 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। यह वनडे क्रिकेट में रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है। भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पहले ही ओवर में तीन बड़े झटके देकर टीम इंडिया को बैकफुट पर धकेल दिया। रोहित शर्मा, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर जैसे दिग्गज बल्लेबाज अपना खाता तक नहीं खोल पाए।

चौथे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह से लड़खड़ा गई। न्यूजीलैंड की ओर से मिले बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय बल्लेबाज विपक्षी गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए। पहले ही ओवर में तीन महत्वपूर्ण विकेट गंवाने के बाद टीम इंडिया मुकाबले में वापसी नहीं कर सकी।

न्यूजीलैंड ने चौथे वनडे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कीवी टीम ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ 333 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया के 21 साल के गेंदबाज ने मचाया कहर : डेब्यू वनडे में 6 विकेट लेकर बनाया रिकॉर्ड; इंग्लैंड 131 पर ढेर



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के 21 वर्षीय तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में डेब्यू करते हुए 24 रन देकर छह विकेट झटके। यह वनडे डेब्यू पर किसी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने इंग्लैंड की टीम 34 ओवर से पहले 131 रन पर ऑलआउट हो गई। स्पेंसर जॉनसन ने भी तीन विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आगाज शुक्रवार को पर्थ में हुआ। पहले मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के 21 वर्षीय तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने प्रदर्शन से सभी को चौंका दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में घरेलू मैदान पर अपना पहला मैच खेल रहे बियर्डमैन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने 24 रन देकर छह विकेट झटके और वनडे डेब्यू पर किसी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपने नाम कर लिया। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने इंग्लैंड की पूरी टीम 34 ओवर से पहले ही 131 रन पर सिमट गई।

बियर्डमैन ने अपने वनडे करियर का पहला विकेट आठवीं गेंद पर हासिल किया और फिर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने कप्तान हैरी ब्रूक, जो रूट, जॉर्डन कॉक्स, सैम करन, लियाम डॉसन और जोफ्रा आर्चर को पवेलियन भेजा। खास बात यह रही कि उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को उनके 200वें वनडे मुकाबले में आउट किया।

पर्थ में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मेजबान टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने अपने युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया। बियर्डमैन के लिए यह घरेलू मैदान पर पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था। उन्होंने इस मौके को यादगार बना दिया।

बियर्डमैन ने आठवीं गेंद पर अपना पहला वनडे विकेट हासिल किया। उन्होंने 12वें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को एक रन के निजी स्कोर पर आउट किया। इसके बाद 14वें ओवर में जो रूट को 17 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। रूट अपना 200वां वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे थे, लेकिन वह इस खास मैच को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। बियर्डमैन यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपने चौथे ओवर की शुरुआत जॉर्डन कॉक्स का विकेट लेकर की और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर सैम करन को भी आउट कर दिया। कॉक्स दो रन बना सके, जबकि करन खाता भी नहीं खोल पाए। इन विकेटों के बाद इंग्लैंड का स्कोर 16 ओवर के अंत तक छह विकेट पर 58 रन हो गया। इसके बाद बियर्डमैन ने अपने अगले ओवर में लियाम डॉसन को भी पवेलियन भेज दिया।

नमन धीर ने बचा ली भारत की सबसे बड़ी ODI हार, केवल तीन बल्लेबाज ही बना सके 10 से अधिक रन



नई दिल्ली। भारतीय टीम न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज के पहले दो मैच तो जीत गई थी। लेकिन चौथे मैच में इतनी शर्मनाक हार मिली, जिसकी कल्पना भी शायद किसी ने नहीं की होगी। हाल ये था कि एक वक्त? लग रहा था कि टीम इंडिया वनडे इंटरनेशनल में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करने वाली है, लेकिन इससे बाल बाल बच गई। नमन धीर ने दो छक्के लगातार इसे बचा लिया नहीं तो ये मैच इतिहास के पन्नों दर्ज होने के बेहद करीब था।

टीम इंडिया को वनडे इंटरनेशनल में अपनी सबसे बड़ी हार साल 2000 में मिली थी। तब शारजाह में भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबला हुआ था। टीम इंडिया उस मैच को 245 रनों से हार गई थी। इस मैच यानी भारत बनाम न्यूजीलैंड चौथे वनडे की बात करे तो भारत के तीन विकेट तो पहले ही ओवर में तब गिर गए थे, तब टीम का स्कोर शून्य रन था। टीम के 8 विकेट 69 रन पर जा चुके थे। भारत के दो ही विकेट बचे थे और सबसे बड़ी हार बचाने के लिए काफी रन चाहिए थे। तभी नमन धीर ने अपना बल्ला बदला और उसके बाद दो छक्के ठोक दिए। 24वां ओवर मैथ्यू फिशर लेकर आए, उसकी दूसरी और तीसरी बॉल पर नमन धीर ने दो छक्के लगाने का काम किया।

इसके बाद इसी ओवर की आखिरी बॉल पर वे आउट हो गए। हालांकि तब तक टीम सबसे बड़ी हार से बची तो नहीं थी, लेकिन उससे बचने के काफी करीब थी। टीम ने किसी तरह 89 रन बना लिए और सबसे बड़ी हार बचा ली। इसके बाद भी भारतीय टीम न्यूजीलैंड से अपनी बड़ी हार का सामना कर चुकी है। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे बड़ी हार 200 रन की थी, जो साल 2010 में आई थी। लेकिन इस बार की हार 244 रन की रही। भले ही 26 साल पुराना कीर्तिमान टूटने से बच गया हो, लेकिन 16 साल पुराना रिकॉर्ड तो ध्वस्त हो ही गया है।

कई खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से हुए सम्मानित



नई दिल्ली। राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के तहत देश के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में एथलीट तेजस्विन, प्रियंका और निशानेबाज अखिल श्योराण सहित कई खिलाड़ी शामिल हैं। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिलने से उनकी उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। विभिन्न खेल विधाओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के लिए यह सम्मान विशेष महत्व रखता है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के माध्यम से खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सम्मानित किया गया है।अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में एथलेटिक्स से जुड़े तेजस्विन और प्रियंका का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। दोनों खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

बेंगलुरु को मेट्रो की पिंक लाइन की सौगात...

भूमिगत और 6 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। कर्नाटक सरकार ने आने वाले 18 महीनों में मेट्रो नेटवर्क को 170 किलोमीटर से अधिक तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

0 वंदे भारत और ऊर्जा-परिवहन से जुड़े अन्य बड़े प्रोजेक्ट्सः इस दौरे पर पीएम मोदी ने बेंगलुरु-मंगलुरु-मड़गांव वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा, उन्होंने चामराजनगर, चिक्कमगलुरु, सकलेशपुर और सुब्रह्मण्य रोड रेलवे स्टेशनों के पुनर्व विकास कार्यों का उद्घाटन किया। साथ ही, मंगलुरु में देश के सबसे बड़े भूमिगत एलपीजी स्टोरेज कैवर्न 80,000 मीट्रिक टन क्षमता और एमआरपीएल के देवांगोंथी मार्केटिंग टर्मिनल का भी लोकार्पण किया गया।

पीएम मोदी ने किया देश के पहले....

अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकर एक शो देखा। उन्होंने लद्दाख से आए विशेषज्ञ, खगोलविदों और अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। खगोल विज्ञान की शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में परिकल्पित 'कॉसमॉस-मैसूर' चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में मैसूर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित है। इस सुविधा में 15 मीटर का झुका हुआ डोम है, जिसमें लगभग 6,150 पैनल लगे हैं और इनमें कुल 4.2 करोड़ एलईडी का इस्तेमाल किया गया है। पारंपरिक तारामंडलों (प्लेनेटेरियम) के विपरीत 'कॉसमॉस-मैसूरु' में लगे एलईडी पैनलों को रियल-टाइम में नियंत्रित किया जा सकता है। इससे एक शानदार विजुअल अनुभव मिलता है और खगोल विज्ञान की शिक्षा के लिए नई संभावनाएं खुलती हैं। 'स्काई थियेटर' में पेशेवर रूप से तैयार किए गए खगोल विज्ञान कार्यक्रम दिखाए जाएंगे। इसके साथ ही, यहां एक ऐसी फिल्म भी दिखाई जाएगी जो मैसूरु के इतिहास और खगोल विज्ञान के बीच के संबंध को दर्शाती है। ये शो कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में उपलब्ध होंगे। इस केंद्र में प्रदर्शनी हॉल, खगोल विज्ञान से जुड़े मॉडल और कलाकृतियों वाला संग्रहालय, लेक्चर हॉल, प्रशिक्षण केंद्र और इंटरैक्टिव आउटडोर प्रदर्शनी भी होंगी। 'कॉसमॉस-मैसूरु' की गतिविधियां 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स' (भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान) द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों में सहायक होंगी। इनमें भारत भर में और अंतरिक्ष में मल्टी-वेवलेंथ टेलीस्कोप सुविधाओं का संचालन, भविष्य की खगोलीय सुविधाओं का विकास, और राष्ट्रीय स्तर के आउटरीच कार्यक्रम शामिल हैं।

असम में काजीरंगा के पास बड़ा हादसाः मिनी....

वह इसी इलाके के विधायक भी हैं। वह राहत और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया, बस बहुत तेज रफ्तार से चल रही थी। वह पार्क के पास लगाए गए गति संबंधी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रही थी। हमें शक है कि मिनी बस के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बस कंटेनर ट्रक से टकरा गई।

0 मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जताया शोकः हादसे में हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हादसे में हुई भारी जनहानि से पूरा राज्य स्तब्ध है। दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। सरकार की पहली प्राथमिकता घायलों को बिना देरी के बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की।

न्यूड तस्वीरों के बदले विंग कमांडर ने....

से डेटा निकाला जा सके। दिल्ली पुलिस द्वारा कोर्ट में चार्जसीट दाखिल कर दिया गया है, जिस पर अदालत द्वारा अभी संज्ञान लिया जाना बाकी है। इसके अलावा, पुलिस को फिलहाल सक्षम प्राधिकारी से आरोपी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने (अभियोजन) की आवश्यक मंजूरी भी नहीं मिली है।

जांचकर्ताओं के मुताबिक, व्हाट्सएप पर हुई बातचीत में उसने महिला को बताया कि इस एयरबेस का इस्तेमाल नियमित रूप से नहीं, बल्कि कभी-कभार ही किया जाता है और यहां से हर तरह के सैन्य विमान उड़ान भर सकते हैं। इसके अलावा, उसने भारत की ड्रोन युद्ध क्षमताओं और इन ऑपरेशनों से जुड़े सैन्य कर्मियों के बारे में भी गोपनीय जानकारी साझा की थी।

हिमाचल में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे....

रूट और IGMC शिमला के नए OPD से अटल सुपर स्पेशियलिटी संस्थान चमियाणा रूट पर बस संचालन के लिए विशेष सब्सिडी मिलेगी। इन रूटों पर इलेक्ट्रिक बस खरीदने पर 50 प्रतिशत और 10 से अधिक सीटों वाली डीजल बस खरीदने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। प्राकृतिक तरीके से उगाए गए अदरक का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति किलो किया।मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के तहत C-ग्रेड सेब का खरीद मूल्य 12 से बढ़ाकर 13 रुपये प्रति किलो किया। स्वास्थ्य विभाग में 1000 रोगी मित्र नियुक्त किए जाएंगे। इसका उद्देश्य प्रदेश के लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स पर तैनात परफ्यूजनिस्ट का मासिक मानदेय 25 हजार से बढ़ाकर 45 हजार रुपये किया गया।

उत्तर प्रदेश में वोटर लिस्ट से कटे 2.61 करोड़....

माध्यम से पात्र व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 17 नवंबर को किया जाएगा, इसमें उत्तर प्रदेश में 18 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति यह चेक कर सकेंगे कि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं है। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में शामिल नही है तो वह अपना नाम बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन होने के बाद 16 दिसंबर तक दावे व आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक कर लिया जाएगा, इसके बाद जनवरी माह में फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

यमन की सेना की गोलाबारी में 5 लोगों...

ताइज़ शहर पर पड़ा है। यह ताइज़ प्रांत की राजधानी होने के साथ ही देश का तीसरा सबसे बड़ा शहर है और जंग से सबसे ज़्यादा प्रभावित शहर है। ताइज़ में जंग, लगातार हो रहे हमलों और सड़कों के बंद होने की आशंका के कारण हज़ारों विस्थापित परिवारों वाले इलाकों तक पहुंचना लगभग नामुमकिन सा हो गया है, जिससे इन परिवारों को काफी परेशानी हो रही है। वर्ल्ड फ़ूड प्रोग्राम के अनुसार अकेले ताइज़ में ही 6 लाख से ज़्यादा लोग खाद्य सहायता से वंचित हो गए हैं, जिनमें लगभग 2 लाख महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा यमन के पश्चिमी तट पर भी हाल ही में मदद पहुंचाने में रुकावटें देखने को मिली हैं।

स्पाइसजेट पर गहराया संकट, दिल्ली.....

नंबर बंद होने की सूचना दी। कंपनी की ओर से जारी अलर्ट में बताया गया कि तकनीकी खराबी के कारण कस्टमर केयर नंबर काम नहीं कर रहे हैं और विशेषज्ञों की टीम इसे दुरुस्त करने में जुटी है। उड़ानों की अनिश्चितता और संवाद माध्यम ठप होने से हवाई यात्री खासे हलाकान नजर आ रहे हैं।

केंद्र सरकार समाज के सभी वर्गों के....

लाभान्वित हुए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री आठवले ने कहा कि भारत तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत बना रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छोटे उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), युवाओं और उद्यमियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। महिला आरक्षण विधेयक का उल्लेख करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि संसद और विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लोकसभा में सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 करने तथा महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित करने के प्रस्ताव के प्रति समर्थन व्यक्त किया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संदर्भ में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना आवश्यक है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए, ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने और सभी पात्र मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया। पत्रकार वार्ता के दौरान आठवले ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तीकरण, आर्थिक विकास और विकसित भारत के लक्ष्य से जुड़े विषयों पर भी अपने विचार साझा किए।

16 घंटे से ज्यादा ठप रहीं माइक्रोसॉफ्ट....

रखने के लिए ईमेल ट्रैफिक को अस्थायी रूप से दूसरे रास्ते से भेजने की व्यवस्था की गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने भी यात्रियों से घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान का स्टेटस जांचने को कहा। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इस तकनीकी गड़बड़ी का असर कई देशों की जरूरी सेवाओं पर भी पड़ा। ब्रिटेन में नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) के ईमेल सिस्टम में बाधा आने से कुछ मरीजों को दवाओं के पर्चे मिलने में परेशानी हुई। सर्जरी कराने वाले मरीजों को ईमेल का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई। एंबुलेंस और पुलिस सेवाओं से ईमेल के जरिये संपर्क करने में भी दिक्कत आई। प्रशासन ने लोगों से जरूरत पड़ने पर फोन के माध्यम से संपर्क करने को कहा। बीबीसी के अनुसार, स्कॉटलैंड में सिविल और आपराधिक अदालतों की कार्यवाही देर से शुरू हुई। कुछ मामलों की सुनवाई भी प्रभावित हुई। लोगों को अपनी स्थानीय अदालतों से संपर्क करने की सलाह दी गई। अल जजीरा के मुताबिक, सिंगापुर और जापान में सरकारी प्रणालियों का कामकाज बाधित हुआ, जबकि फिलीपींस के सुप्रीम कोर्ट की संचार व्यवस्था पर भी असर पड़ा। आस्ट्रेलिया में देश की खुफिया एजेंसी और संघीय पुलिस भी प्रभावित संगठनों में शामिल रहे। यह रुकावट केवल माइक्रोसॉफ्ट के अपने एप्लिकेशन तक ही सीमित नहीं रही। ओपनएआइ और एंथ्रोपिक ने भी अपने माइक्रोसॉफ्ट 365 कनेक्टर्स से जुड़ी समस्याओं की सूचना दी। रॉयटर्स के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट की ईमेल सेवा में आई खराबी का असर बड़े वित्तीय संस्थानों तक पहुंचा। शुक्रवार सुबह हांगकांग के बैंकिंग क्षेत्र में कामकाज प्रभावित हुआ। ताइवान में ईमेल सेवाएं बाधित होने से फैक्स का इस्तेमाल करना पड़ा। गोल्डमैन सैक्स और नोमुरा जैसे बड़े निवेश बैंकों के कर्मचारी भी इससे प्रभावित हुए। कनाडा, जर्मनी और अमेरिका में रेल सेवाओं पर भी असर पड़ा। कनाडा की वीआइए रेल ने बताया कि यात्रियों को ट्रेन ट्रैकर, ईमेल और एसएमएस के जरिये सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं का ठप होना कोई नई बात नहीं है। 19 जुलाई 2024 को कंपनी की सेवाओं से जुड़ा एक बड़ा तकनीकी संकट सामने आया था, जिसने पूरी दुनिया में अफरा-तफरी मचा दी थी। उस घटना में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे अहमदाबाद, मंत्रियों के साथ करेंगे सियासी मंथन

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल आचार्य देवव्रत और भाजपा के पूर्व मंत्रियों व विधायकों ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी रात को गांधीनगर स्थित लोकभवन में गुजरात सरकार के मंत्रियों के साथ डिनर बैठक करेंगे। इस बैठक को विधानसभा चुनाव से पहले सरकार और संगठन की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इससे पहले 4 जुलाई 2026 को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ उनकी बैठक हुई थी। उस समय उन्होंने सरकारी विभागों के कामकाज, विकास परियोजनाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को गति देने के निर्देश दिए थे। इस बार बैठक का कोई आधिकारिक एजेंडा सामने नहीं आया है, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। मंत्रियों को लोकभवन पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार बैठक में मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा हो सकती है। इसके साथ ही आगामी गुजरात समिट की तैयारियों, विधानसभा चुनाव की रणनीति और आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा का जनाधार मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

डॉ. आंबेडकर चौक स्थित संविधान की प्रतिकृति का होगा सौंदर्यीकरण, महापौर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



बौद्ध कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागड़े के नेतृत्व में महापौर से की मुलाकात

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक स्थित भारतीय संविधान की प्रतिकृति स्थल को आकर्षक एवं गरिमामय स्वरूप प्रदान करने की मांग को लेकर बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगांव द्वारा किए गए प्रयासों को सकारात्मक पहल मिली है। उल्लेखनीय है कि बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगांव के अध्यक्ष दीपांकर खोबरागड़े द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को नगर पालिक निगम के महापौर मधुसूदन यादव को लिखित आवेदन सौंपकर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक स्थित संविधान की प्रतिकृति स्थल पर रंग-रोगन, साफ-सफाई, विद्युत आकर्षक साज-सज्जा एवं सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की गई थी। इसी विषय पर चर्चा करने के लिए आज महापौर मधुसूदन यादव ने बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगांव के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया। समिति के अध्यक्ष दीपांकर खोबरागड़े के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से मुलाकात कर संविधान की प्रतिकृति स्थल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया तथा 26 नवंबर संविधान दिवस के पूर्व स्थल का आवश्यक रंग-रोगन, साफ-सफाई एवं आकर्षक साज-सज्जा कराने का आग्रह किया।

समिति ने महापौर को बताया कि भारतीय संविधान केवल देश का सर्वोच्च कानून ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व जैसे मूल्यों का प्रतीक है। संविधान दिवस के अवसर पर इस स्थल को गरिमामय एवं आकर्षक स्वरूप में तैयार करना संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महापौर मधुसूदन यादव ने समिति की मांग को गंभीरता एवं सकारात्मकता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्थल की सज्जा, स्वच्छता, रंग-रोगन एवं आवश्यक सौंदर्यीकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर स्थल का गौरव एवं सम्मान बना रहे, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बौद्ध कल्याण समिति ने महापौर की इस सकारात्मक पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि नगर निगम प्रशासन द्वारा समय रहते कार्य पूर्ण कराए जाएंगे, ताकि 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक स्थित संविधान की प्रतिकृति स्थल आकर्षक, स्वच्छ एवं गरिमामय स्वरूप में नजर आए।

आदिवासी समाज के किसान पुत्र नरसिंह भंडारी बने एचएलएल बायोटेक लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक



भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन कंपनी के निदेशक मंडल में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, क्षेत्र सहित आदिवासी समाज में खुशी की लहर

मोहला (दावा)। क्षेत्र के गौरव एवं आदिवासी समाज के किसान पुत्र नरसिंह भंडारी को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के अनुसार एचएलएल बायोटेक लिमिटेड के निदेशक मंडल में गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है।

उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र सहित आदिवासी समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। ग्रामीण परिवेश और किसान परिवार से आने वाले नरसिंह भंडारी की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी नियुक्ति से गांव, गरीब और किसान परिवारों के युवाओं को भी आगे बढ़ने तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

नई जिम्मेदारी मिलने पर नरसिंह भंडारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, विधानसभा संगठन प्रभारी देवलाल ठाकुर,जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा सहित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के वरिष्ठ एवं स्थानीय संगठनात्मक नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। नरसिंह भंडारी की इस नियुक्ति पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों, शुभचिंतकों एवं आदिवासी समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और कार्यों से संस्था को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन होगा।

नीरज विद्या मंदिर में बाल दिवस पर भव्य बाल मेले का आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। बाल दिवस के अवसर पर नीरज विद्या मंदिर, डोंगरगांव में 14 नवंबर 2026 (शनिवार) को भव्य ''बाल मेला'' आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक विद्यालय परिसर में होगा। बाल मेले का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन, रचनात्मकता एवं सामाजिक सहभागिता का अवसर प्रदान करना है।

मेले में बच्चों एवं अभिभावकों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, संगीत तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों की व्यवस्था की गई है। यह आयोजन बच्चों को अपने मित्रों और परिवार के साथ आनंद के यादगार पल बिताने का अवसर प्रदान करेगा। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, मनोरंजन एवं रचनात्मक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसी सोच के साथ विद्यालय द्वारा इस बाल मेले का आयोजन किया जा रहा है।

विद्यालय के संचालक नीरज बाजपेयी, कार्यकारी निदेशक श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को बाल मेले में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आनंदमय एवं यादगार अनुभव प्रदान करना है। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि यह आयोजन बच्चों और अभिभावकों के लिए उत्साह, उमंग एवं खुशियों से भरा एक यादगार अवसर बनेगा।

कर्मचारी संगठन रवेली ने प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान



32 वर्षों से निरंतर जारी है सम्मान समारोह की परंपरा, आयोजन से प्रेरणा लेकर गांव के बच्चे देश-विदेश में रोशन कर रहे हैं नाम

राजनांदगांव (दावा)। रवेली कर्मचारी संगठन रवेली द्वारा भाई दूज मातर महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में ग्राम के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं नव नियुक्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया। संगठन द्वारा पिछले 32 वर्षों से निरंतर यह आयोजन किया जा रहा है। ग्राम रवेली के कर्मचारियों ने 32 वर्ष पूर्व संगठन का गठन कर भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने की परंपरा प्रारंभ की थी। इस आयोजन से प्रेरित होकर गांव के अनेक होनहार बच्चे आज शिक्षा, प्रशासन, तकनीक एवं अन्य क्षेत्रों में देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विगत एक वर्ष के दौरान गांव में दिवंगत हुए व्यक्तियों को सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर किया गया। इस अवसर पर कु. नूतन साहू, सुपुत्री रोहित साहू, को कक्षा 12वीं की गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने तथा कु. हीना साहू को एम्स, नागपुर में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में अभिषेक वर्मा को भारतीय रेलवे में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयनित होने, पवन कुमार वर्मा, अंकित वर्मा एवं दीपांकन वर्मा को विभिन्न पदों पर चयनित होने तथा शेष नारायण सेन को स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, तुषार साहू, कु. आस्था वर्मा, शशांक वर्मा एवं सौम्य वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही, राजभवन एवं उद्यानिकी विभाग में दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत कर्मचारियों का भी सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पिछले 32 वर्षों में रवेली गांव के बच्चों ने शिक्षा, प्रशासन, तकनीक एवं विदेशों में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से गांव का गौरव बढ़ाया है। संगठन के शासन के अधीन पंजीकृत होने से नई पीढ़ी को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। भविष्य में संगठन शासन के सहयोग से बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगारमूलक कार्यशालाओं का आयोजन भी करेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिभा किसी एक समाज तक सीमित नहीं होती। हमें किसी भी समाज के प्रतिभावान बच्चों से निःसंकोच प्रेरणा लेनी चाहिए। बिना किसी भेदभाव के एक-दूसरे का सहयोग एवं सहारा बनना चाहिए। ईश्वर ने हमें मनुष्य के रूप में जन्म दिया है, इसलिए यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि अहंकार का त्याग कर दूसरों के उत्तरोत्तर विकास में सदैव सहयोगी बनें।

गुरु जो कहते हैं उसे स्वीकार करो और आचरण में लाओ - मौलिकप्रभ जी



राजनांदगांव (दावा)। ''गुरु जो कहते हैं उसे स्वीकार करो और अपने आचरण में ला लो निश्चित ही आपका जीवन शांतिमय और सफल होगा।'' उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मौलिकप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने फरमाया कि गुरु जहाज बनकर हमें इस पापी संसार रूपी सागर से तारने का प्रयास कर रहे हैं और हम हैं कि उनके साथ सत्संग करने से बच रहे हैं। हम यह समझ नहीं पा रहे हैं की गुरु हमारे कल्याण के लिए प्रयासरत हैं।

कुछ लोग गुरु का हाथ पकड़ कर तथा चरण छूकर चले जाते हैं और कुछ लोग उनके सत्संग का लाभ उठाते हैं। मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं होता वह बेचारा प्राणी होता है। गुरु जो कहते हैं उसे स्वीकार करना चाहिए। यही नहीं उसे अपने आचरण में भी लाना चाहिए ताकि हम भी इस संसार रूपी सागर को पार कर सकें। गुरु का सत्संग जीवन को तार देता है। नदी के बहाव के साथ जो बहता है,वह अनुश्रुतगामी होता है किंतु वही जीवात्मा आगे बढ़ती है जो नदी के बहाव के विपरीत पुरुषार्थ कर आगे बढ़ती जाती है अर्थात जो प्रतिश्रुतगामी होती है । उन्होंने कहा कि आप अपने गुरु का सत्संग पाकर अपना आत्मिक कल्याण करें और पुरुषार्थ कर इस संसार सागर से तर जाएं।

हरडुवा में दीपावली लक्ष्मी पूजा गौरा-गौरी कलश यात्रा मातर के साथ रात्रि कालीन डांस प्रतियोगिता संपन्न हुआ



घुमका (दावा)। ग्राम हरडुवा में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली लक्ष्मी पूजा गौरा गौरी कलश यात्रा मातर का कार्यक्रम के बाद मां लक्ष्मी पूजा उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से एक दिवसीय भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ समिति के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा सचिव अमन वर्मा संरक्षण खोमेश हेमचंद वर्मा एवं अन्य सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले जिला पंचायत सदस्य चंद्रेश वर्मा भाजपा मीडिया प्रभारी तोषन सिंहा रतन जी डेविड जी न्याय समिति अध्यक्ष भाजपा नेता अश्वनी जंघेल कांग्रेस नेता राजेश शान ग्राम सरपंच गंगेश्वर वर्मा उपसरपंच डॉक्टर ऋषि वर्मा पूर्व सरपंच मुकेश शान एसएमसी उपाध्यक्ष रोहित वर्मा शिवेंद वर्मा महावीर वर्मा विमल वर्मा बिजे वर्मा एवं अन्य गण् मान्य की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ रोहित वर्मा ने बताया कि एकल डांस में प्रथम 4001 रुपया डॉक्टर ऋषि वर्मा द्वारा द्वितीय 3001 अश्वनी जंघेल द्वारा तृतीय 1501 टीकम वर्मा द्वारा चतुर्थ 1001 शिवेंद्र वर्मा युगल डांस में प्रथम 6001 गंगेश्वर वर्मा द्वारा दिवतीय 4001 गुप्त दान तृतीय 2001 भोलाराम सेन चतुर्थ 1001 लखनलाल द्वारा ग्रुप डांस में प्रथम 8001 सरदार खान द्वितीय 6001 महावीर वर्मा तृतीय 4001 देवांश साहू चतुर्थ 2001 विमल वर्मा द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया उद्घोषक कृति साहू तोषन सिंहा ने अपने उद्घोषक से दर्शकों का डांस कार्यक्रम को और रौनक चार चांद बना दिया जिससे आसपास के गांव के लोग भी कार्यक्रम का लुफ्त उठाया उक्त जानकारी रोहित वर्मा द्वारा दिया गया।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के संदर्भ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली (मतदाता सूची) का विशेष संक्षिप्त अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 कार्यक्रम के संदर्भ में कलेक्टोरेट में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगिता देवांगन सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवम्बर 2026, मतदान सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवम्बर 2026, दावा आपत्ति 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2026, दावा आपत्तियों का निराकरण 28 दिसम्बर 2026 एवं मतदान सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा।

विधानसभावार मतदान केन्द्रों की संख्या 1075 है। राजनांदगांव जिले अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 899 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 293 है। जिसमें खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला के खैरागढ़ तहसील अंतर्गत 106 मतदान केन्द्र आते है। राजनांदगांव जिला के डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 85, घुमका तहसील अंतर्गत 68, राजनांदगांव तहसील अंतर्गत 34 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत 243 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत 272 मतदान केन्द्र आते है। जिसमें डोंगरगांव तहसील अंतर्गत 142, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत 58, लाल बहादुर नगर तहसील अंतर्गत 72 मतदान केन्द्र आते है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत 267 मतदान केन्द्र आते है। जिसमें राजनांदगांव जिले के छुरिया तहसील अंतर्गत 109, कुमरदा तहसील अंतर्गत 88 एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला के अम्बागढ़ चौकी तहसील अंतर्गत 70 मतदान केन्द्र आते है।

विधानसभावार अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 792485 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 396898, महिला मतदाताओं की संख्या 395581, अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 204537 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 103640, महिला मतदाताओं की संख्या 100895, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 201500 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 99271, महिला मतदाताओं की संख्या 102227, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 199555 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 100700, महिला मतदाताओं की संख्या 98853, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 186890 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 93285, महिला मतदाताओं की संख्या 93605 है।

इसी तरह विधानसभावार प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवम्बर 2026 की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 801468 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 400800, महिला मतदाताओं की संख्या 400661, अन्य मतदाताओं की संख्या 7 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 207469 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 104952, महिला मतदाताओं की संख्या 102515, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 203803 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 100196, महिला मतदाताओं की संख्या 103605, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 201155 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 101435, महिला मतदाताओं की संख्या 99718, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 189041 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 94217, महिला मतदाताओं की संख्या 94823, अन्य मतदाताओं की संख्या 1 है।

राजनांदगांव जिलावार अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 675194 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 337828, महिला मतदाताओं की संख्या 337360, अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 134330 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 67804, महिला मतदाताओं की संख्या 66524, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 201500 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 99271, महिला मतदाताओं की संख्या 102227, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 199555 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 100700, महिला मतदाताओं की संख्या 98853, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 139809 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 70053, महिला मतदाताओं की संख्या 69756 है।

इसी तरह विधानसभावार प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवम्बर 2026 की स्थिति में मतदाताओं की संख्या 682163 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 340838, महिला मतदाताओं की संख्या 341319, अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 135879 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 68466, महिला मतदाताओं की संख्या 67411, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 203803 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 100196, महिला मतदाताओं की संख्या 103605, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 201155 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 101435, महिला मतदाताओं की संख्या 99718, अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 141326 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 70741, महिला मतदाताओं की संख्या 70585 है।

अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 के उपरांत सतत पुनरीक्षण अवधि में फार्म 6 के 13027, फार्म 7 के 2154, फार्म 8 के 10293 दावा-आपत्ति की प्राप्त हुई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत फार्म 6 के 4299, फार्म 7 के 638, फार्म 8 के 2740 दावा-आपत्ति की प्राप्त हुई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत फार्म 6 के 2360, फार्म 7 के 285, फार्म 8 के 3062 दावा-आपत्ति की प्राप्त हुई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत फार्म 6 के 2646, फार्म 7 के 505, फार्म 8 के 2491 दावा-आपत्ति की प्राप्त हुई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत फार्म 6 के 3722, फार्म 7 के 726, फार्म 8 के 2000 दावा-आपत्ति की प्राप्त हुई है।

बैठक में बताया गया कि पुनरीक्षण के दौरान 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई या 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले ऐसे सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने हेतु फार्म 6 के माध्यम से आवेदन कर सकते है। प्राप्त दावा आपत्ति की सूची पुनरीक्षण के दौरान जिले की वेबसाईट पर प्रत्येक साप्ताह अपलोड की जायेगी। जिसका अवलोकन नागरिक कर सकते है। ईआरओ द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की साप्ताहिक बैठक आयोजित कर प्राप्त दावा-आपत्तियों की सूची उपलब्ध कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। कार्यालयीन समय में 1950 नम्बर पर संपर्क कर पुनरीक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है। जिला स्तर पर 07744-226315, तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। वोटर सर्विस पोर्टल एवं मतदाता हेल्पलाइन ऐप की सहायता से मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं विलोपन के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने, ई-इपिक डाऊनलोड करने, डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, मतदान केन्द्र का विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते है। बीएलए की नियुक्ति-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु उसी मतदान केन्द्र के एक मतदाता को अपने दल की ओर से बीएलए नियुक्त कर सकते है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के अरूण शुक्ला एवं मुकेश बघेल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री कमलजीत पिंटू एवं रूपेश दुबे, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के ऋषभ रामटेके, हेमंत सूर्यवंशी, नमन कुमार पटेल सहित अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

महाकाल मंदिर में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण की अन्नकूट प्रसादी

महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, बस्तर, ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे महाकाल भक्त

राजनांदगांव (दावा)। सिंघोला स्थित श्री महाकाल मंदिर में आयोजित अन्नकूट एवं 56 भोग प्रसादी में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बाबा महाकाल के प्रति आस्था ऐसी रही कि महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, बस्तर एवं ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बालोद, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल मंदिर पहुंचे। अन्नकूट एवं 56 भोग प्रसादी के अवसर पर महाकाल भक्त नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साव सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी



एवं सदस्य, ग्रामीण क्षेत्रों से आए बाबा महाकाल के भक्त तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए बाबा महाकाल को अर्पित 56 भोग एवं अन्नकूट की प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने भी उत्साहपूर्वक प्रसादी ग्रहण कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाकाल भक्त पवन डागा ने आयोजन में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों एवं मीडिया साथियों का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने बाबा महाकाल से सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करने तथा उन पर सदैव बाबा महाकाल का आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की। अन्नकूट प्रसादी आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने बाबा महाकाल के प्रति लोगों की गहरी आस्था और धार्मिक भावनाओं को प्रतिबिंबित किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर महतारी सदनों के निर्माण हेतु 1.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जताया आभार...

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत राजनांदगांव जिले की पांच ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण के लिए कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपये की अनुशंसा किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

इस महत्वपूर्ण पहल के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजनांदगांव जिले में पांच महतारी सदनों के निर्माण की अनुशंसा की गई है।



राजनांदगांव जिले की 5 ग्राम पंचायतों में बनेंगे महतारी सदन

इनमें राजनांदगांव के ग्राम पंचायत पनेका, अंजोरा, भर्रेगांव, खैरा (र) तथा छुरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत लालूटोला के अंतर्गत ग्राम बापूटोला शामिल हैं। प्रत्येक महतारी सदन के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई है। इस प्रकार कुल पांच महतारी सदनों के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये की अनुशंसा की गई है।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के लिए उपयोगी सामुदायिक सुविधा के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इन भवनों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक पहल होगी। डॉ. रमन सिंह ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक राशि की अनुशंसा करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा जी के प्रति पुनः आभार व्यक्त किया।

भाजपा सरकार का फैसला किसानों के लिए महत्वपूर्ण - राजेश श्यामकर

डोंगरगढ़ विधानसभा के किसानों की ओर से पूर्व जिपं. सदस्य श्यामकर ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

डोंगरगढ़ (दावा)। उपरवाह भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है।



पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं डोंगरगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने बताया की छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खरीफ फसल मे 2026-27 मे 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की निर्धारित सीमा के आधार पर किसानों को सम्पूर्ण बोनस सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय स्वागत योग्य है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने आगे कहा की 15 क्विंटल धान बेचने पर भी किसानों को मिलेगी 13, 839 की पूरी राशि।

खास बात यह है की एक एकड़ मे निर्धारित 21 क्विंटल धान बेचने के सीमा के स्थान पर यदि किसान 15 क्विंटल धान बेचता है। तब भी किसानों को पूरी राशि 13,839 हजार रूपये मिलेगी। भाजपा सरकार के इस निर्णय से कम धान बेचने वाले किसानों को भी लाभ मिलेगा। जिसे श्री श्यामकर ने इस फैसले को किसानों के हित मे खुशहाली की कदम बताया। किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य मिलने के साथ ही आर्थिक सहायता भी प्राप्त होंगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने कहा को प्रदेश सरकार का यह निर्णय किसान कल्याण कृषि को आगे बढ़ाने और ग्रामीण को मजबूत करने की दिशा मे अच्छी पहल है। श्री श्यामकर ने डोंगरगढ़ विधानसभा के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुवे कहा की राज्य की भाजपा सरकार किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए समर्पित है।

राजगामी संपदा की बैठक में कई अहम फैसले

रानी सूर्यमुखी देवी की प्रतिमा के लिए 11 लाख मंजूर, मटन मार्केट होगा शिफ्ट, अतिक्रमण हटाने का निर्णय

राजनांदगांव (दावा)। राजगामी संपदा की भूमि और संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन, शहर के विकास तथा राजस्व व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में शुक्रवार को आयोजित साधारण सभा की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में गोलबाजार स्थित मटन मार्केट को अन्यत्र विस्थापित करने, बकाया किराया निरस्त करने, राजगामी संपदा की जमीनों से अतिक्रमण हटाने और बकायादारों से राजस्व वसूली सहित विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों पर सहमति बनी। इसके साथ ही शहर में रानी सूर्यमुखी देवी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 11 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

राजगामी संपदा की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू की अध्यक्षता में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सी.एल. मारकण्डेय तथा राजगामी संपदा व्यवस्थापक एवं तहसीलदार प्यारेलाल नाग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में राजगामी संपदा की संपत्तियों से जुड़े लंबित विषयों, राजस्व वसूली, अतिक्रमण और शहर में प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में शहर के गोलबाजार स्थित मटन मार्केट का विषय प्रमुखता से उठाया गया। इस पर चर्चा के बाद मार्केट का किराया रद्द करने, बकाया किराया निरस्त करने तथा वर्तमान मटन मार्केट



को अन्यत्र विस्थापित करने के संबंध में निर्णय लिया गया। इस निर्णय को शहर की व्यवस्था और बाजार क्षेत्र के व्यवस्थित विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजगामी संपदा की शहरी क्षेत्र में स्थित भूमि पर हुए अतिक्रमणों को लेकर भी बैठक में गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि संबंधित भूमि का सीमांकन कार्य पूर्ण कराकर अवैध कब्जाधारियों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही राजगामी संपदा के जिन बकायादारों द्वारा लंबे समय से किराया अथवा अन्य देय राशि जमा नहीं की गई है, उन्हें नोटिस जारी कर नियमानुसार बकाया राशि की वसूली की जाएगी। इससे संपदा की भूमि और संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ राजस्व व्यवस्था को भी मजबूत करने की दिशा में पहल होगी। बैठक का एक महत्वपूर्ण निर्णय रानी सूर्यमुखी देवी की प्रतिमा स्थापना से संबंधित रहा। साधारण सभा में प्रतिमा स्थापित करने के लिए 11 लाख रुपये की राशि स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस पहल को शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गोलबाजार स्थित गोल ऑफिस भवन की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए रंगरोगन एवं जीर्णोद्धार कार्य कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके अलावा रॉयल किड्स, वाइडनर स्कूल एवं गुजराती स्कूल की भूमि का सीमांकन कराने का निर्णय लिया गया। सीमांकन से संबंधित भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी तथा भविष्य में भूमि संबंधी विवादों की संभावनाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बैठक में राजगामी संपदा की संपत्तियों के संरक्षण, उनके समुचित उपयोग, लंबित राजस्व की वसूली और शहर के विकास से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। साधारण सभा में पारित प्रस्तावों के माध्यम से राजगामी संपदा की भूमि एवं संपत्तियों के व्यवस्थित प्रबंधन के साथ विकास और राजस्व संबंधी कार्यों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता अधिकारों की रक्षा जरूरी - कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी तथा उत्तर एवं दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में %वोट बचाओ-देश बचाओ% अभियान के तहत शहर के चार मंडलों में जन चौपाल का आयोजन किया गया। लखोली मंडल के कन्हारपुरी, सदर मंडल के हाट बाजार, बसंतपुर मंडल और मोतीपुर मंडल के नवागांव में आयोजित जन चौपाल के माध्यम से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मतदाता अधिकारों, निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर लोगों को जागरूक किया।

जन चौपाल को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का मुद्दा उठा रहे हैं। उनका स्पष्ट विचार है कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का वोट समान महत्व रखता है। मतदाता सूची में किसी भी तरह की गड़बड़ी अथवा पात्र मतदाताओं के नाम विलोपित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के



चार मंडलों में जन चौपाल लगाकर चलाया 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान

लिए गंभीर चिंता का विषय है। 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान इसी अधिकार की रक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का जन आंदोलन है।

उन्होंने कहा कि एसआइआर की प्रक्रिया को लेकर आम मतदाताओं के मन में कई सवाल और आशंकाएं हैं। ऐसे में प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुरक्षित रहे, इसके लिए जागरूकता जरूरी है। कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन कराएं, नामों की स्थिति की जानकारी दें और नाम छूटने या किसी विसंगति की स्थिति में नियमानुसार आवेदन एवं दावा-आपत्ति की प्रक्रिया में सहयोग करें।

उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन भानुशाली ने कहा कि मताधिकार की रक्षा केवल राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का दायित्व है। दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने कहा कि एसआइआर के दौरान मतदाता सूची की जांच बेहद जरूरी है। लखोली, सदर, बसंतपुर और मोतीपुर मंडल के अध्यक्षों गोपी रजक, अंकेश बाफना, कुलदीप कुरेंजरेकर और कृष्णा मेश्राम ने भी संबोधित करते हुए कहा कि अभियान को केवल जन चौपाल तक सीमित न रखकर प्रत्येक वार्ड और बूथ तक पहुंचाया जाएगा। मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और संगठन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता लगातार प्रयास करेंगे। जन चौपाल में मेहुल मारु, प्रवीण मेश्राम, हेमा देशमुख, कुलबीर छाबड़ा, संतोष पिल्लै, राकेश जोशी, मामराज अग्रवाल, हरिनारायण धकेता, शारदा तिवारी, विनय झा, सूर्यकांत जैन, वीरेंद्र चंद्राकर, अशोक पंजवानी, मनीष साहू, राजा तिवारी, युवराज भारती, मोहनी भारती, सीताराम श्रीवास, शिवम गढ़पायले, सुरेंद्र देवांगन, नरेश साहू, ललित मरकम, अज्जाजुर रहमान, गोपी रजक, अंकेश बाफना, कुलदीप कुरेंजकर, बंटी यादव, विशु आजमानी, बबलू कसार, ऋषि शास्त्री, श्यामरतन, हर्ष खोब्रागड़े, राहुल, सागर ताम्रकार, आशीष सोनकर, जुगल ताम्रकार, हर्षिल भलावे, नंदू साहू, सोहेल खान, सुजल कलिराहुल हारी, देवेंद्र साहू, जुगल निषाद, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी, राजा यादव सहित शहर, ब्लाक, मंडल के पदाधिकारी प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कृषक उन्नति योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल - मधुसूदन यादव

निर्धारित अधिकतम मात्रा से कम धान बेचने पर भी सत्यापित बोए गए रकबे पर मिलेगी पूरी सहायता - मधुसूदन यादव

कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने एग्रीस्टैक पंजीयन और फसल सर्वेक्षण की पुष्टि कराएं किसान - महापौर यादव

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में एवं कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम जी के पर्यवेक्षण में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित कृषक उन्नति योजना किसानों की आर्थिक समृद्धि और कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उक्ताशय के विचार प्रकट करते हुए राजनांदगाँव महापौर मधुसूदन यादव ने इस योजना के नए दिशानिर्देशों का स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार के किसान हितैषी निर्णयों हेतु मुख्यमंत्री जी एवं कृषि मंत्री जी का आभार प्रदर्शित किया है।



महापौर मधुसूदन यादव ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत खरीफ 2026 से लागू किए गए नवीनतम दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि पात्र किसानों को धान एवं धान बीज से संबंधित सत्यापित बोए गए रकबे पर प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता दी जाएगी। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 12 नवंबर 2026 को जारी दिशा-निर्देशों में खेती की लागत में राहत देने, किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक कृषि तकनीकों में निवेश को प्रोत्साहित करने का प्रावधान है।

महापौर यादव ने विभागीय दिशानिर्देशो के बारे में बताया कि खरीफ 2026 में बोए गए धान की विपणन वर्ष 2026-27 में माकफेड द्वारा सहकारी समितियों एवं लैम्प्स के माध्यम से खरीदी तथा बीज निगम द्वारा उपार्जित धान बीज से संबंधित बोए गए रकबे पर योजना का लाभ मिलेगा। ग्रीष्मकाल में बोए गए धान पर यह योजना लागू नहीं होगी। अन्य फसलों के प्रोत्साहन के लिए 18 जून 2026 को जारी दिशा-निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

कम मात्रा में धान बेचने पर भी रकबे के आधार पर सहायता

श्री यादव ने बताया कि दिशा-निर्देशों का महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि किसान द्वारा प्रति एकड़ निर्धारित अधिकतम उपार्जन मात्रा 21 क्विंटल से कम धान अथवा धान बीज बेचने पर भी पात्र, सत्यापित बोए गए रकबे के लिए प्रति एकड़ निर्धारित पूरी आदान सहायता मिलेगी। उदाहरण के लिए, एक एकड़ में धान बोने वाला पात्र किसान यदि केवल 15 क्विंटल धान बेचता है, तब भी उसे उस एक एकड़ के लिए 13,839 रुपये की सहायता प्राप्त होगी। इसी प्रकार 2.5 एकड़ में धान बोने वाला किसान अपने संपूर्ण बोए गए रकबे से केवल 38 क्विंटल धान बेचता है, तो भी उसे 34,597.50 रुपये की आदान सहायता मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2026-27 के लिए सहायता की गणना 3,100 रुपये में से कॉमन ग्रेड धान का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,441 रुपये प्रति क्विंटल घटाकर, अंतर की राशि 659 रुपये को अधिकतम उपार्जन मात्रा 21 क्विंटल से गुणा करके की गई है। इस प्रकार प्रति एकड़ सहायता राशि 13,839 रुपये निर्धारित होती है। यह योजना के अंतर्गत देय आदान सहायता है, जिसका भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

एग्रीस्टैक पंजीयन और बोए गए रकबे का सत्यापन जरूरी

महापौर यादव ने किसानों से पात्रता संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने की अपील की है। योजना का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य है। साथ ही, किसान द्वारा बोए गए रकबे की पुष्टि डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के माध्यम से होना आवश्यक है। जिन क्षेत्रों में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण का डेटा उपलब्ध नहीं है, वहां जिला कलेक्टर की अनुमति से गिरदावरी के आधार पर सत्यापित रकबे पर सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के धान उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत और माकफेड को सहकारी समितियों अथवा लैम्प्स के माध्यम से धान बेचने वाले पात्र किसान योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था में धान बीज उत्पादन के लिए पंजीकृत ऐसे किसान, जिनसे बीज निगम द्वारा धान बीज का उपार्जन किया गया हो, संबंधित बोए गए रकबे के लिए पात्र होंगे। श्री यादव ने बताया कि धान खरीदी पोर्टल पर धान विक्रय के लिए टोकन जारी करते समय ही कृषक उन्नति योजना की आदान सहायता हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन किया जाएगा। पात्र किसानों को सहायता राशि उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए आधार से जुड़े बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दी जाएगी।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com